

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 44 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 5 मार्च, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## न्यूज इनबॉक्स



### महाराष्ट्र के मंत्री मुंडे का इस्तीफा मंजूर

जयपुर टाइम्स

मुंबई। महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने मंगलवार को महाराष्ट्र कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। उनके सहयोगी वाल्मिक कराड को सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए कहा था। राज्यपाल कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम फडणवीस की सिफारिश के बाद खाद्य और नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा स्वीकार कर लिया।

### राम मंदिर हमला साजिश की आतंकी अब्दुलरहमान के फ़ोन से अब खुलेगी परतें

जयपुर टाइम्स

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद के बास रोड पाली से गिरफ्तार किए गए आतंकी अब्दुल रहमान (19) के दो मोबाइल से पूरे आतंकी मॉड्यूल की कड़ियां खुलेंगी। जांच में जुटी एटीएस गुजरात और एसटीएफ पलवल की टीम ने गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से रियलमी और वनप्लस कंपनी के ये दो मोबाइल बरामद किए हैं। जांच टीम अब इन मोबाइल की कॉल डिटेल व सीडीआर चेक कर रही है। इसके साथ ही इन दोनों ही मोबाइल में जांच एजेंसी को कई संदिग्ध वीडियो भी मिले हैं। जो धर्म विशेष को टारगेट करते हुए भावनाएं भड़काने वाले वीडियो बताए जा रहे हैं। जांच टीम के आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आरोपी अपने इन दोनों मोबाइल से ही सोशल मीडिया फेसबुक व इंस्टाग्राम अकाउंट चलाता था। जिनके जरिये वो अपने आतंकी साथियों व आकाओं के संपर्क में रहता था। शुरू से ही अब्दुल को सोशल मीडिया पर धर्म से जुड़ी रील्स देखने व लाइक कमेंट करने का शौक था। वहीं से आतंकी मॉड्यूल ने इसे टारगेट कर संपर्क किया।

### भाजपा विधायक दल की बैठक, मुख्यमंत्री ने दी सदन में मौजूद रहने की नसीहत

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। विधानसभा में मंगलवार को सदन की कार्रवाई शुरू होने से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा की हां पक्ष की लॉब में यह बैठक ली। बैठक में भजनलाल शर्मा ने कुछ मंत्रियों का नाम लेते हुए सभी विधायकों को नसीहत दे डाली और कहा कि %किसी भी विधायक के पास कोई भी फरियादी आए, उसकी सुनें और समस्या का निदान करें। एक ही फरियादी बार-बार आए, तो भी उसकी सुनें। जनता के साथ अपने कर्तव्य को समझते हुए व्यवहार करें। सरकार जनता के हितों के लिए अनेक काम कर रही है। उन जनहित के कार्य को जनता के बीच पहुंचाने का काम आप सभी करें। बैठक के दौरान सीएम ने विधायकों को पूरे समय सदन में मौजूद रहने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि सदन में पूरे समय बैठें और अपने व्यवहार का ध्यान रखें। सदन की सभी चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएं। सदन में फ्लोर मैनेजमेंट का ख्याल रखें।

सीएम भजनलाल का कुशल नेतृत्व बना रहा प्रदेश को अग्रणी

# बजट घोषणाओं से कृषि क्षेत्र में होंगे नवाचार, मजबूत होगा कृषक

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बजट कृषि क्षेत्र में उत्पादन व आय में वृद्धि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में उपयोगी सिद्ध होगा। बजट घोषणाओं से कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में कृषि एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो राज्य की



अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। यहां की अधिकांश जनसंख्या कृषि कार्यों से ही अपनी आजीविका चलाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार की ओर से कृषकों को राहत देने व उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। 900 करोड़ रूपये का अनुदान देकर 25 हजार फार्म पौण्ड, 10 हजार डिग्गी, 50 हजार सौर पम्प संयंत्र तथा 20 हजार किमी सिंचाई पाइपलाइन से 4 लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र से अधिक में माइक्रोइरिगेशन और 3 लाख 50 हजार हैक्टेयर में ड्रिप व स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने के लिए 1 हजार 250 करोड़ रूपये का अनुदान दिया जाएगा। 324 करोड़ रूपये का व्यय कर 75 हजार किसानों को 30 हजार किमी लम्बाई में तारबन्दी पर अनुदान दिया जाएगा। राजस्थान कृषि विकास योजना अन्तर्गत 1 हजार 350 करोड़ रूपए से कृषि में नई तकनीकों कृषि आदान, जैविक खेती व क्षमता विकास के कार्य करवाए जाएगे। कृषकों को 180 करोड़ रूपए की लागत से 35 लाख बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत 5 लाख 44 हजार कृषकों को उच्च गुणवता युक्त बीज उत्पादन के लिए 63 करोड़ रूपए के 1 लाख 13 हजार क्विंटल बीज दिए जाएंगे। मृदा शक्ति संवर्धन योजना के अन्तर्गत किसानों को हरी खाद के लिए 3 लाख ढैंचा बीज मिनिकिट व 50 हजार किसानों को गोर्वधन जैविक उर्वरक योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाएगा। 210 करोड़ रूपये का व्यय कर 1 हजार कस्टम हायरिंग सेन्टरों की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही आधुनिक तकनीकी आधारित कृषि उपकरणों, ट्रैक्टर चलित यंत्र उपलब्ध कराने के लिए 350 करोड़ रूपये का अनुदान देकर 1 लाख किसानों को लाभान्वित किया जाएगा। कृषि क्षेत्र में एआई का उपयोग कर उत्पादकता बढ़ाने के लिए 50 करोड़ रूपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एग्रीकल्चर की स्थापना की जायेगी। मक्का फसल की उत्पादकता में वृद्धि व मूल्य संवर्धन के लिए बांसवाडा में 20 करोड रूपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मैज की स्थापना की जायेगी। प्रदेश में मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए भरतपुर में 15 करोड़ रूपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी बी कीपिंग की स्थापना के साथ-साथ 11 करोड़ रूपये का व्यय कर प्रतिवर्ष 2 हजार मधुमक्खी पालक कृषकों को 5 हजार रूपये तक का अनुदान दिया जाएगा। ग्रीन हाऊस, पॉली हाऊस, शेडनेट, प्लास्टिक मल्चिंग और लो-टनल पर 225 करोड़ रूपए का अनुदान देकर 2 हजार कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिडकाव पर प्रति हैक्टेयर 2 हजार 500 रूपये का अनुदान दिया जाएगा। किसान उत्पादन संगठन (एफपीओ) के 100 कृषक सदस्यों को इजरायल सहित अन्य देशों में और 5 हजार किसानों को राज्य से बाहर प्रशिक्षण के लिए भेजा जायेगा। 50 करोड़ की लागत से 1 लाख भूमिहीन कृषि श्रमिकों को 5 हजार लागत तक के कृषि यंत्र व उपकरण उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है।



# कंगारुओं को चित कर फाइनल में पहुंची टीम इंडिया

एजेंसी

दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दुबई में खेला जा रहा है। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 264 रन का स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान स्टीव स्मिथ ने 73 और एलेक्स कैरी ने 61 रन की बेहतरीन पारी खेली। वहीं भारत के लिए मोहम्मद शमी ने 3, वरुण चक्रवर्ती और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलियाई पारी की बात करें तो टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली बिना खाता खोले आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। ट्रेविस हेड ने धीमी शुरुआत के बाद ताबड़तोड़ बड़े शॉट खेले जैसे ही वो भारत के लिए खतरनाक साबित हो रहे थे तो वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें शुभमन गिल के हाथों कैच आउट करा दिया। इस दौरान हेड ने 33 गेंद में 39 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन 36 गेंद में 29 रन बनाकर आउट हुए। लाबुशेन ने स्टीव स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। जॉर्ज इंग्लिस 12 गेंद में 11 गेंद रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टीव स्मिथ 96 गेंदों में 73 रन बनाकर मोहम्मद शमी के शिकार बने। ग्लेन मैक्सवेल महज 7 रन बनाकर अक्षर पटेल के शिकार बने। वहीं बेन ड्वार्शियस भी 19 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती के शिकार बने। एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों में 61 रन बनाए। नाथम एलिस ने 10 रन बनाए। वहीं हार्दिक पंड्या ने कंगारू टीम का आखिरी विकेट एडम जैम्पा के रूप में गिराया।

# ‘लखदातार’ के मेले में उमड़ रहा आस्था का ज्वर

जयपुर टाइम्स

खाटूश्यामजी। विश्व प्रसिद्ध बाबा खाटूश्यामजी के फाल्गुन लक्खी मेले में लगातार श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। मेले के पांचवे पांचवां मंगलवार सुबह से बाबा श्याम के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा के दर्शन के लिए दिल्ली, मुंबई,



कोलकाता, हरियाणा, यूपी, बिहार सहित देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। बता दें कि यहां की गई व्यवस्थाओं के चलते भक्त आसानी से कुछ देर में ही बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से भक्तों के स्वागत के लिए मंदिर परिसर क्षेत्र में गुलाब जल और सुगंधित इत्र जल का छिड़काव किया जा रहा है।

### हीरे और रत्न जड़ित सोने का मुकुट पहनायाः

बहुत मनमोहक तरीके से बाबा श्याम का श्रृंगार किया गया है। बाबा को विदेशों से लाए गए गुलाबी, हरे और लाल रंग के सुगंधित फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा रत्नजड़ित सोने का मुकुट पहनाया गया है, जिसके बीचों बीच मोरपंख डिजाइन का हीरा लगा हुआ है। वहीं बाबा को नीलम लगे सोने का हार भी पहनाया गया है। इसके अलावा बाबा श्याम के गर्भ गृह को भी गुलाबी थीम पर सजाया गया है।

### 8 मार्च से बढ़ेगी भीड़ः

बाबा श्याम का फाल्गुन लक्खी मेले का मुख्य आयोजन एकादशी को होगा। इस दिन बाबा श्याम को नगर भ्रमण कराया जाता है। इससे पहले 8 मार्च से भक्तों की संख्या बढ़ने का अनुमान है और लगातार 11 मार्च तक मंदिर में भीड़ रहेगी। ऐसे में अगर भक्तों की संख्या बढ़ती है तो चारण मैदान और लखदातार ग्राउंड से होकर भक्त खाटूश्यामजी मंदिर में पहुंचेंगे। इसमें भक्तों को आठ किलोमीटर चलना पड़ेगा। बता दें कि हारे के सहारे बाबा श्याम को भगवान कृष्ण का अवतार माना जाता है। महाभारत युद्ध के दौरान भीम के पौत्र बर्बरीक कौरवों की तरफ से युद्ध में शामिल होने जा रहे थे। बर्बरीक के पास तीन ऐसे तीर थे, जो पूरे युद्ध को पलट सकते थे। इसी को लेकर भगवान कृष्ण ब्राह्मण रूप में आए और उनसे शीश दान में मांग लिया। बर्बरीक ने भी बिना संकोच किए भगवान कृष्ण को अपना शीश दान में दे दिया। तब भगवान कृष्ण ने प्रसन्न होकर बर्बरीक को कहा कि बर्बरीक तुम कलयुग में श्याम के नाम से पूजे जाओगे, तुम्हें लोग मेरे नाम से पुकारेंगे और तुम हारे हुए भक्तों का सहारा बनोगे।



भजनलाल सरकार तोड़ रही अपराध की कमर

# कुख्यात भूमाफिया जानशेर खान की 12 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में गुड गवर्नेंस देने के लिए प्रतिबद्ध है और अपराध रोकथाम के लिए प्रयास कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मंगलवार को राजस्थान ने बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। राजस्थान पुलिस ने बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम 1988 की धारा 24(3) के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ जिले के कुख्यात भूमाफिया जानशेर खान की 12 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध संपत्ति फ्रीज कर दी है। इस कार्रवाई में 6.74 हैक्टेर कृषि भूमि शामिल है, जिसे आयकर विभाग के माध्यम से फ्रीज किया गया है। यह राजस्थान पुलिस की ओर से बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम के तहत की गई पहली बड़ी कार्रवाई है। महानिरीक्षक पुलिस (अपराध एवं सतर्कता) प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि प्रतापगढ़ के प्रतिष्ठित व्यक्ति मुस्तफा बोहरा को जानशेर खान और उसके साथियों की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही थीं। आरोपी जबरन पैसे वसूलने और जमीन हड़पने की कोशिश कर रहे थे। धमकियों से परेशान होकर 30 अगस्त 2023 को मुस्तफा बोहरा ने आत्महत्या कर ली। अस्पताल में उनके मृत्यु पूर्व बयान, सुसाइड नोट और वीडियो ग्राफी में भी जानशेर खान और अन्य पर गंभीर आरोप लगे थे।

**आदतन अपराधी है जानशेर खान**

पुलिस जांच में सामने आया कि जानशेर खान ने कई निर्दोष लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों की संपत्ति अर्जित की थी।


तीये की बैठक



हमारे पुजनीय

श्री श्री गोपाल जालान

पुत्र स्व. श्री मंगलचन्द जालान का स्वर्गवास दिनांक 01.03.2025 को हो गया, जिसकी

तीये की बैठक

दिनांक 05-03-2025 वार बुधवार को दोपहर 2 से 4 बजे के बीच हमारे निज आवास पर रखी गई है।

शोकाकुल परिवार

लीलावती देवी (माता जी), उर्मिल अग्रवाल (पत्नी), चक्षु-यथेष्ट गर्ग (पुत्री-दामाद), मृगांक-मानसी (पुत्र-पुत्रवधु), प्रशल्य (पुत्र), मुन्नी- विश्वनाथ चौधरी (बहन-बहनोई) ऊषा सरावगी (बहन), ओम, पवन, सत्यनारायण, राधे श्याम, कैलाश (भाई) एवं समस्त अग्रवाल (जालान) परिवार

स्थानः रामनिवास ओमप्रकाश जालान

लाल भवन विद्यालय के पास, राजलदेसर, चुरू, मो. 6375744780, 9413318627

प्रतिष्ठान

मंगलम मिनरल्स एण्ड कैमेकल्स प्रा. लिमिटेड

मंगलम कोल्ड फील्ड प्रा. लिमिटेड


‘सुप्रीम’ आदेश

# निजी अस्पतालों में फॉर्मेसी की लूट से मरीजों को बचाने के लिए नीति बनाएं राज्य

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने निजी अस्पतालों में दवा की दुकानों की लूट से मरीजों और तीमारदारों को बचाने के लिए कोई अनिवार्य निर्देश जारी करने से मना कर दिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में उचित नीतिगत निर्णय लेने का काम राज्यों पर छोड़ दिया। अदालत मंगलवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोप लगाया था कि मरीजों और तीमरादारों को निजी अस्पतालों की ओर से संचालित फार्मेसियों से ऊंची दरों पर दवा और चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एनकोटिश्वर सिंह की पीठ ने कानून के छात्र सिद्धार्थ डालमिया की ओर से दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर कोई अनिवार्य निर्देश जारी करने से इनकार करते हुए कहा कि इससे निजी अस्पतालों के कामकाज में बाधा उत्पन्न हो सकती है और इसका व्यापक प्रभाव भी पड़ सकता है। पीठ ने कहा, स्वास्थ्य राज्य का मुद्दा है। हम इस याचिका का निपटारा करते हुए सभी राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि वे इस मुद्दे पर विचार करें और उचित नीतिगत निर्णय लें। पीठ ने कहा कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और राज्य सरकारें अपनी स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक नियामक उपाय कर सकती है।शीर्ष अदालत ने कहा कि यह मुद्दा नीति के दायरे में आता है। नीति निर्माताओं को इस मामले पर समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और उचित दिशा-निर्देश तैयार करने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मरीजों और उनके तीमारदारों का शोषण न हो। साथ ही निजी संस्थाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रवेश करने से न हतोत्साहित किया जाए और न अनुचित प्रतिबंध लगाया जाए। पीठ ने कहा कि पीआईएल पर कोई अनिवार्य निर्देश जारी करना अदालत के लिए उचित नहीं होगा।

पीठ ने कहा कि संविधान के तहत सरकार का दायित्व है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए, लेकिन जनसंख्या वृद्धि के कारण उसे अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए निजी अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी। पीठ ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का नागरिकों का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित है। स्वास्थ्य क्षेत्र में निजी अस्पतालों के योगदान की सराहना करते हुए पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा दिया गया कोई भी अनिवार्य निर्देश उनके कामकाज में बाधा उत्पन्न कर सकता है तथा इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है। सर्वोच्च अदालत ने केंद्र के इस रुख पर गौर किया कि मरीजों या उनके परिजनों पर अस्पताल स्थित दवा दुकानों या किसी खास दुकान से दवाइयां, प्रतिरोपण या चिकित्सा उपकरण लेने की कोई बाध्यता नहीं है।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
5 मार्च, 2025


# कार्यवाहक जिला कलक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। कार्यवाहक जिला कलक्टर डॉ. किशोर कुमार ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर निर्देश दिये कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं व राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के दौरान किए गए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए आपसी समन्वय रखते हुए कार्यों को गति प्रदान करें।

कार्यवाहक जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा कर कहा कि अलवर जिले की केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं में प्रगति अच्छी है इसे निरन्तर बेहतर बनाय रखने हेतु उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पूर्ण निष्ठा के साथ प्रभावी मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने जिले की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं को प्राथमिकता देकर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जावे ताकि आमजन को समयबद्ध रूप से इनका लाभ मिल सके। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय लक्ष्यों को समय-सीमा में अर्जित करने हेतु कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक व रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिये कि राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट के दौरान जिले में हुए एमओयू को धरातल पर लाने के लिए संबंधित विभागों एवं इन्वेस्टर्स से समन्वय स्थापित करें। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता




विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि पेंशन व पालनहार सत्यापन कार्य को यथाशीघ्र शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, डीटीओ सुरेश यादव, उपखण्ड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, जीएम डीआईसी एम. आर. मीना, रीको के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, डीएसओ विनोद जुनेजा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## अलवर जिला व्यापार महासंघ की ओर से मनाया जाएगा भव्य और विशाल होली मिलन समारोह

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। जिला व्यापार महासंघ की मीटिंग मंगलवार को पुरुषार्थी धर्मशाला, अशोक टॉकीज के पास पर आयोजित हुई। महासंघ के महामंत्री मुकेश विजय ने बताया कि मीटिंग में आगामी होली के त्योहार पर महासंघ की ओर से आयोजित होने वाले मिलन समारोह पर विस्तृत चर्चा की गई। सदन में उपस्थित सभी सदस्यों ने हर वर्ष की भांति ही इस बार भी अलवर जिले में व्यापारिक एकता को बनाए रखने के लिए महासंघ का भव्य और विशाल होली मिलन समारोह आयोजित करने के लिए सर्वस मति से निर्णय लिया गया। मीटिंग में महासंघ के जिला अध्यक्ष रमेश जुनेजा, महामंत्री मुकेश विजय, कोषाध्यक्ष महेश खंडेलवाल, महेश सेठी अतुल शर्मा, मनोज विजय, बिहारी पाराशर, अखिलेश गर्ग, गोपाल जायसवाल, अनिल खंडेलवाल, कृष्ण कुमार खंडेलवाल, मनीष रावत, कृष्ण कुमार कुकरेजा एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

## सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें - आयुक्त नरूका, निगम की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई, वसूला जुर्माना

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। नगर निगम की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण निरोधक शाखा और जन स्वास्थ्य शाखा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने पर कई दुकानों का चालान किया। इस दौरान अतिक्रमण निरोधक शाखा के प्रभारी राकेश शर्मा के साथ टीम ने 9 दुकानदारों पर




कार्रवाई करते हुए 4500 रूपए का जुर्माना वसूला। नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि निगम की ओर से लगातार इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही आमजन को समझाइश भी की जाती है, ताकि गंदगी से निजात मिल सके। निगम आयुक्त नरूका ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और घर से खरीदारी के लिए जाते समय कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करें।

## जिला स्तरीय 3 दिवसीय सर्विस प्रवाईडर प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

खैरथल - तिजारा(निस)। अधीनस्थ चिकित्सा संस्थानों पर कार्यरत चिकित्सक / नर्सिंग अफिसर/ फार्मासिस्ट / सीएचओं / एएनएम को राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तरीय 3 दिवसीय सर्विस प्रवाईडर प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिसकी शुरूआत डॉ अरविन्द गेट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल तिजारा के द्वारा सेवा प्रदाता प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। जिसमें



राष्ट्रीय गुणवता आश्वासन कार्यक्रम के अन्तर्गत चिन्हित संस्थानों पर कार्यरत कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण के उपरान्त सभी संस्थानों पर मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण ईलाज मिल सकेगा प्राईवेट चिकित्सा संस्थानों की भाँति सभी सस्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था की जावेगी। उक्त प्रशिक्षण के उपरान्त जिन सामु0स्वा0केन्द्रों को राष्ट्रीय स्तर से सर्टीफाईड किया जावेगा इन्हें प्रत्येक वर्ष 3 लाख रूपयें एवं आयुष्मान आरोग्य मन्दिर (स्) को प्रत्येक वर्ष 1.5 लाख रूपयें आगामी 3 वर्ष तक सरकार द्वारा पुरुस्कार के रूप में दिया जावेगा। उक्त राशि से उन चिकित्सा संस्थानों पर चिकित्सा सेवाओं को ओर अधिक बेहतर बनाया जावेगा। कार्यकम नोडल अति मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रूपेश चोधरी ने बताया की जिले कि 50 प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों को दिसम्बर 2025 तक (NQAS) नेशनल सर्टिफाईड करने का लक्ष्य रखा गया है साथ प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्टेट लेवल प्रशिक्षक डॉ विकम सिंह एवं डॉ हेमलता सारस्वत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उपस्थित हुऐं।

## श्याम रंग में रंगा राजगढ़ कस्बा, बाबा श्याम का सजा अलौकिक दरबार

### भक्तों ने खेली फूलों से होली

जयपुर टाइम्स

राजगढ़(निस)। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित धार्मिक आस्था के केंद्र श्री खाटूश्यामजी की नगर परिक्रमा व निशान यात्रा हारे का सहारा मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को रिद्धि सिद्धि गणेश पोल मंदिर से विधि विधान से पूजा अर्चना व आरती के साथ आरंभ हुई। हारे का सहारा मित्र मंडल के अध्यक्ष राजकुमार खण्डेलवाल व मनीष गुप्ता ने बताया कि बाबा श्याम जी का सतरंगी फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। कस्बे के चौपड़ बाजार स्थित मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया। नगर परिक्रमा में बाबा श्याम का दरबार सजाकर रथ पर सवार किया गया।






### रथयात्रा व निशान यात्रा में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रथयात्रा में श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों पर नाचते गाते चल रहे थे। स्कूली बच्चों ने हाथों में बाबा श्याम जी का निशान लेकर खाटूश्यामजी की जय, लखदातार की जय, शीश के दानी की जयकारों से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान हो गया। महिलाओं ने हाथों में कलश लेकर भजनों पर नाचते झूमते चल रही थी। इस मौके पर हारे का सहारा मित्र मंडल के महेश खण्डेलवाल, मनीष गुप्ता, राकेश सैनी,पवन पटवा, गायत्री शर्मा, सुमन गुप्ता, मुकुल बड़ाया, मदनमोहन शास्त्री, मयूर खण्डेलवाल, गोरांश खण्डेलवाल, लोकेश साहू, अरूण शर्मा, अमन सहित सैकड़ों की संख्या में महिला - पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विभिन्न जगहों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

निशान यात्रा गणेश पोल से प्रारंभ हुई। निशान यात्रा को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, लायंस क्लब के प्रातंपाल खेमसिंह आर्य, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मदनलाल शर्मा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के महेंद्र सैनी, सुभाष गुप्ता, राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल गुप्ता आदि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथयात्रा व निशान यात्रा का जगह-जगह पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व धर्म प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। निशान यात्रा में शामिल सभी को ठण्डाई, बिस्कुट, नमकीन आदि का प्रसाद बांटा गया। रथयात्रा का युवा श्याम सेवा समिति माचाड़ी, खाटूश्यामजी बस यात्रा मंडल, श्री श्याम सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वागत किया। रथयात्रा व निशान यात्रा बस स्टैंड, पटायरी की डूंगरी, मेला का चौराहा, सराय बाजार, गोल सर्किल होते हुए चौपड़ बाजार स्थित श्री खाटूश्यामजी मंदिर पहुंची। जहां बाबा श्याम की महाआरती का आयोजन किया गया। रथयात्रा के समापन पर सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

## आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में गांव-ढाणी तक आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी कडी में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशानुसार राजकीय अस्पतालों में आने वाले वृद्धजनों को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला अस्पतालों में वृद्धावस्था विशेषज्ञ इकाई (जीरियाट्रिक वार्ड एवं जीरियाट्रिक क्लिनिक) रामाश्रय के नाम से स्थापित किए गए। वहीं मनोरोगियों को उत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पूर्व में स्थापित वार्डों का उन्नयन कर नया सवेरा वार्ड नाम दिया गया है।

### 'रामाश्रय' में वृद्धजनों के लिए ये सुविधाएं उपलब्ध

राजकीय सामान्य चिकित्सालय अलवर के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि रामाश्रय वार्ड में अब तक 1160 मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं से लाभान्वित करवाया गया है। उन्होंने बताया कि इन रामाश्रयों में वृद्धजनों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इन वार्डों में 16 बैड हैं। हर बैड के बीच पार्टीशन कर परदे लगाए गए हैं। बैड के पास नर्सिंग अलार्म सिस्टम लगाए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में वृद्धजन तुरंत नर्सिंग स्टाफ को बुला सकें। वार्ड में महिला एवं पुरूष रोगियों के लिए अलग-अलग शौचालय हैं। इन शौचालयों में ग्रेब-बार लगाए गए हैं। वार्ड में फिजियोथेरेपिस्ट एवं फिजियाथैरेपी से संबंधित उपकरणों की समुचित व्यवस्था की गई है। इनमें शॉर्ट वेव डायाथर्मी, अल्ट्रासाउण्ड थैरेपी, सरवाइकल ट्रैक्शन, पैल्विक ट्रैक्शन, ट्रांस इलेक्ट्रिक नर्व स्टिमुलेटर जैसे उपकरण शामिल होने के साथ ही वार्ड में व्हील चेयर, ट्रोली, मेडिसिन कैबिनेट एवं अन्य आवश्यक फर्नीचर की सुविधा की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड का एक नोडल अधिकारी बनाया गया है, जो वार्ड की समस्त व्यवस्थाओं का प्रबंधन संभालेगा। इसके साथ ही वार्ड में रोगियों की देखभाल के लिए अलग से नर्सिंग स्टाफ




तथा साफ-सफाई के लिए कार्मिक नियोजित किए गए हैं। वृद्धजनों को आईपीडी के समय विशेषज्ञ सेवाएं वार्ड में ही उपलब्ध होंगी। जांच के लिए सैम्पल भी वार्ड से ही एकत्र किए जाएंगे तथा रिपोर्ट भी बैड पर ही उपलब्ध करवाई जाएगी। वृद्धजनों के उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, फिजियोथैरेपिस्ट एवं अन्य कार्मिकों के दूरभाष नंबरों की सूची वार्ड के बाहर प्रदर्शित की गई है।

### 'नया सवेरा वार्ड' में मनोरोगियों के लिए ये सुविधाएं उपलब्ध

उन्होंने बताया कि नया सवेरा वार्ड में अब तक 770 मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं से लाभान्वित करवाया गया है। उन्होंने बताया कि नया सवेरा वार्ड में मनोरोगियों के उपचार एवं देखभाल की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस वार्ड में 8 पुरुष बेड एवं 8 महिला बेड सहित कुल 16 बेड उपलब्ध हैं। वार्ड में ही मरीजों को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है तथा जांच एवं दवाइयां भी उपलब्ध हैं।





## राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, अलवर एवं सखी वन स्टॉप सेंटर, अलवर का औचक निरीक्षण

### मिली खामियों को दूर करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अलवर सोनी ने दिए दिशा-निर्देश

जयपुर टाइम्स

अलवर। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिरकण, जयपुर एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर हरेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार मोहन लाल सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), अलवर के द्वारा मंगलवार को राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह, अलवर एवं सखी वन स्टॉप सेंटर, अलवर का औचक निरीक्षण किया गया।

सचिव सोनी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड अनुसार कुल 16 बाल अपचारी होना पाया गया एवं मौके पर अधीक्षक सहित 03 स्थाई कर्मचारी एवं 04 संविदा कर्मचारी उपस्थित पाए गए। निरीक्षण के दौरान श्री सोनी द्वारा गृह के रिकॉर्ड का अवलोकन किया। रिकॉर्ड का अवलोकन किए जाने पर गत निरीक्षण कार्यवाहक, सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, अलवर द्वारा किया जाना पाया गया एवं मंगलवार को डॉ. सतपाल यादव द्वारा बाल अपचारियों की स्वास्थ्य जांच किया जाना पाया गया। उधर 21 जनवरी को प्रबंध समिति की बैठक एवं 19 फरवरी को बाल समिति की बैठक किया जाना पाया गया।सोनी द्वारा अधीक्षक से बाल अपचारियों के प्रकरणों के संबंध में एवं बाल अपचारियों से वार्ता की जाकर संप्रेषण गृह की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

निरीक्षण के दौरान आर.ओ के पानी की ठूटी लिकेज पाई गई, जिससे फर्श पर काई जमी हुई थी, जिस बाबत् सोनी द्वारा आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान गृह के कक्षों का अवलोकन करने पर कक्षों की दिवारों का प्लास्टर टूटा हुआ पाया गया, जिसे मर मत की आवश्यकता है, के संबंध में सोनी द्वारा पूछने पर अधीक्षक संजय वर्मा द्वारा दिवारों पर प्लास्टर मर मत कार्य हेतु पीड्ब्ल्यूडी को पत्र लिखा जाना बताया गया। इसके साथ ही कक्षों के निरीक्षण के दौरान 01 शौचालय एवं 01 स्नानाघर में दरवाजे नहीं लगे हुए पाए गए, जिस संबंध श्री सोनी द्वारा मौके पर ही आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। सोनी द्वारा गृह में दी जा रही सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। इसके साथ ही श्री सोनी द्वारा राजकीय संप्रेषण एवं किशोर गृह के परिसर में ही स्थित शिशु गृह का भी अवलोकन किया गया तथा शिशु गृह में रह रहे बालकों के स्वास्थ्य एवं दत्तक ग्रहण के संबंध में की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की तथा शिशु गृह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा मौके पर ही आवश्यक उचित दिशानिर्देश प्रदान किए गए।

सोनी द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर, अलवर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह के रिकॉर्ड का अवलोकन करने पर पाया गया कि गत निरीक्षण से मंगलवार तक केवल 01 महिला द्वारा सेंटर पर सहायता हेतु संपर्क किया जाना पाया गया।

केंद्र अधीक्षक, श्रीमती सरिता तनेजा से महिलाओं को प्रदान की गई सहायता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा सेंटर पर उपस्थित प्रत्येक महिला को उपलब्ध करायी गई विधिक सहायता या चिकित्सकीय सहायता, पुलिस मदद का नियमित रूप से इंद्राज करने के निर्देश दिए गए। सेंटर के कार्मिकों का भुगतान माह जनवरी 2025 तक किया जाना बताया गया। सेंटर की साफ-सफाई, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं सामान्य पाई गई।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
5 मार्च, 2025



## राजस्थान पर्यटन ने आईटीबी बर्लिन– 2025 में शानदार शोकेस का अनावरण किया

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राजस्थान पर्यटन की फेवरेट टूरिस्ट डेस्टिनेशन की पहचान निर्मित हो रही है। आईटीबी बर्लिन– 2025 में भी इसी की बानगी दिख रही है। राज्य पर्यटन विभाग ने 4 से 6 मार्च तक आयोजित होने वाले आईटीबी बर्लिन– 2025 में एक बार फिर अपने पर्यटन उत्पादों और अनुभवों का शानदार प्रदर्शन आज प्रारंभ किया।

आईटीबी बर्लिन– 2025 में राजस्थान पर्यटन मंडप का आधिकारिक उद्घाटन जर्मनी में भारतीय राजदूत अजीत गुप्ते ने किया। इस वर्ष बर्लिन में राजस्थान पर्यटन प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आनंद त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक और उपेन्द्र शेखावत, उप निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार ने किया। उक्त पर्यटन अधिकारियों के साथ-साथ पैलेस ऑन व्हील ट्रेन के प्रतिनिधि, एफएचटीआर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, राजस्थान के ट्रैवल ट्रेड से 8 कॉ– एक्ज़िबिटर भी इस वर्ष आईटीबी में भाग ले रहे हैं।

तीन दिनों के दौरान राज्य के पर्यटन अधिकारी राजस्थान में पर्यटन को और बढ़ावा देने के लिए टूर ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंटों, मीडिया और अन्य पर्यटन हितधारकों के साथ 40 से अधिक निर्धारित बैठकें करेंगे।

राजस्थान पर्यटन कई वर्षों से आईटीबी में नियमित भागीदार रहा है। विश्व स्तर पर सबसे बड़े यात्रा व्यापार शो में से एक के रूप में, आईटीबी बर्लिन राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, राजसी किलों, जीवंत त्योहारों और वैश्विक दर्शकों के लिए आतिथ्य की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित करने के लिए एक आदर्श और दुनिया का सबसे बड़ा यात्रा मंच प्रदान करता है। यूरोप के ट्रैवल एजेंटों, मीडियाकर्मियों, प्रभावशाली लोगों और ब्लॉगर्स के अलावा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी राजस्थान मंडप का दौरा कर रहे हैं। आयन्नीम्मा के मेयर और डिप्टी मेयर ने भी राजस्थान मंडप का दौरा किया।

## औद्योगिक लीज भूमि के दुरूपयोग के संबंध में राज्य सरकार जनहित में लेगी निर्णय -उद्योग मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मंगलवार को विधान सभा में मैसर्स अराफात पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा औद्योगिक लीज भूमि के दुरूपयोग से उत्पन्न स्थिति के संबंध में कहा कि राज्य सरकार इसके खिलाफ जांच करेगी तथा सुनिश्चित करेगी कि यह प्रकरण राज्य सरकार की शर्तों के अनुरूप है या नहीं।

उद्योग मंत्री ने शून्यकाल के दौरान सदन के सदस्य हरिमोहन शर्मा द्वारा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि इस औद्योगिक लीज भूमि के दुरूपयोग के संबंध में वर्ष 2014 में बनी कमेटी के आधार पर राज्य सरकार जन हित को ध्यान में रख कर निर्णय लेगी। उद्योग मंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही वहां के आमजन व मजदूरों की परेशानियां दूर हो सकेगी।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मानदेय वृद्धि का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेज दिया गया है - चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कास)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन कर्मचारियों को कुल 10 हजार 661 रूपये मानदेय के रूप में दिए जा रहे है। संवेदनशील राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को पत्र लिखकर इनका मानदेय बढ़ाकर 13 हजार 601 किये जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 60 :40 के अनुपात में मानदेय दिया जाता है। इससे पहले विधायक श्री फूल सिंह मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सा महाविद्यालय, उदयपुर से संबंद्ध चिकित्सालयों में प्लेसमेन्ट एजेन्सियों के माध्यम से कार्यरत कार्मिको का विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधीन संचालित राजकीय चिकित्सालयों में विभिन्न व्यक्तियों को प्लेंसिमेन्ट् एजेन्सियों के माध्यम से विभिन्न पदों पर पदस्थापित किया गया है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने जानकारी दी की 19 फरवरी, 2025 को घोषित बजट घोषणा के बिंदु संख्या 97 की सारणी के क्रम संख्या 5 अनुसार प्लेसमेन्ट एजेन्सियों के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किये जाने की व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था का गठन किये जाने की घोषणा की गई है । जिसके संबंध में कार्मिक विभाग में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से ग्रीन शुल्क की अनिवार्यता - उप मुख्यमंत्री बैरवा

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने मंगलवार को विधान सभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा वाहनों पर ग्रीन शुल्क पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लिया जाता है। यह शुल्क राज्य के सभी पंजीकृत वाहनों पर लागू है। उन्होंने बताया कि इस शुल्क का भार किसान वर्ग पर अत्यंत कम है। उपमुख्यमंत्री ने शून्य काल के दौरान सदन के सदस्य केसाराम चौधरी द्वारा ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाए गए प्रश्न पर जवाब दिया। उन्होंने पुराने ट्रैक्टर पर टैक्स कम करने एवं प्रतिमाह पेनल्टी माफ करने के संबंध में कहा कि यह पेनल्टी वाहनों का समय पर पंजीकरण कराने के लिए लगाई जाती है।

राजीविका रंगोत्सव 2025

## ग्रामीण महिला उद्यमशीलता का उत्सवः मुख्य सचिव

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को शासन सचिवालय में 'राजीविका रंगोत्सव - 2025' का शुभारंभ किया। यह चार दिवसीय आयोजन 4 से 7 मार्च तक चलेगा, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

### महिला उद्यमशीलता को बढ़ावा

मुख्य सचिव ने विभिन्न स्टॉलों से खरीदारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और राजसमंद व जोधपुर में शर्बत और बाजरा आधारित उत्पादों की सराहना की। उन्होंने सात्र महिलाओं से बातचीत कर उनके आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया की प्रशंसा की।

### ग्रामीण उद्यमियों को मंच

इस उत्सव में जैविक हर्बल गुलाल, फ्लेवर्ड हनी, हस्तनिर्मित साबुन, पारंपरिक परिधान, चमड़े के उत्पाद, ब्लू पोटरी, पेंटिंग्स और पारंपरिक पेय पदार्थों सहित कई स्थानीय उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि राजीविका रंगोत्सव केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का आंदोलन है। यह आयोजन ग्रामीण महिलाओं को बड़ा बाजार उपलब्ध कराने, उनकी आर्थिक स्थिरता बढ़ाने और अधिक से अधिक महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने में मदद करेगा।

### प्रमुख अधिकारी रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, संयुक्त सचिव कार्मिक विभाग कनिष्क कटारा, राज्य मिशन निदेशक राजीविका सलोनी खेमका, परियोजना निदेशक अजय कुमार आर्य और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

चार दिवसीय यह आयोजन राजस्थान की महिलाओं की रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता को नया आकार देने का मंच बन रहा है।





पुलिस की मुश्तैदी

## छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने की एक कार व बाइक जब्त

जयपुर टाइम्स

अलवर(निस)। थाना रामगढ़ पुलिस ने कस्बा रामगढ़ में नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक प्रोपर्टी व्यवसायी के ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला करने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं आरोपियों के कब्जे से घटना में काम ली गई एक कार व बाइक बरामद की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नैन ने जानकारी देते हुये बताया कि अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), जिला अलवर डॉ. तेजपाल सिंह के निर्देशन एवं वृताधिकारी वृत रामगढ अलवर सुनील प्रसाद शर्मा के सुपरविजन में विजेन्द्र सिंह पु0नि0 थानाधिकारी थाना रामगढ़ अलवर के नेतृत्व में गठित टीम ने 26 फरवरी को कस्बा रामगढ़ में नकाबपोश बदमाशो द्वारा एक प्रोपर्टी व्यवसायी के ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला करने की वारदात का खुलासा करते हुये 6 आरोपी गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार तथा एक मोटरसाईकिल बरामद की है। एसपी ने बताया कि परिवादी ने पर्चा बयान दर्ज कराया कि 26 फरवरी को समय करीब सवा 9 बजे परिवारी बाइक से ऑफिस गया था, अखबार पढ़ रहा था कुछ समय पश्चात 3 व्यक्ति कपडे से मुह बांध रखा था, जिन्होने जान से मारने की नियत से मेरे सिर, हाथ व अन्य जगह सरिये, लाठी एवं हाकी से ताबडतोड वार किये। जिससे वह वही पर बेहोश होकर गिर गया। हमले से मेरा सिर फट गया व बांया हाथ दो जगह से फेक्चर हो गया व दायें हाथ के पंजे में चोट व अन्य शरीर में जगह-जगह चोटे आई है। जिस पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रार भकिया गया।एसपी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा किये गये प्रयास वारदात के खुलासे हेतु गठित टीम द्वारा घटनास्थल एवं आस पडौस के सीसीटीवी कैमरे व अन्य तकनीकी संसाधनों से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश प्रार भ की गई तथा आसूचना तंत्र से प्राप्त इनपुट से कड़ी से कडी जोड़ते हुये आरोपियों की पहचान स्थापित हो जाने के पश्चात आरोपीयों को योजनाबद्ध रुप से राउण्डअप किया। आरोपियों से घटना में काम लिए वाहनों को जब्त किया।

### ऐसे दिया वारदात को अंजाम

पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जिस तरहा तरीका वारदात की वह आरोपियों द्वारा पहले मोटरसाईकिल से परिवादी की गतिविधियों के बारे में जानकारी/रैकी की।

इसके बाद घटना से एक दिन पहले घटना कारित करने के लिये अलवर से स्वी ट कार किराये पर लेकर आये।

25 फरवरी को पीडित ईको कार से अलवर की तरफ जा रहा था, जिसकी जानकारी आरोपियों को मिलने पर 2 आरोपियों द्वारा उनका मोटरसाईकिल से तथा अन्य 5 आरोपियों द्वारा किराये पर ली गई स्वी ट कार से पीछा किया गया। मोटरसाईकिल सवार आरोपी कार में सवार अपने साथियों को मौबाईल से परिवादी की लोकेशन दे रहे थे।

## खाद्य सुरक्षा से प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा – खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित नहीं रहे। गोदारा ने बताया कि 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल खुलने के बाद निरंतर नए नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। अब तक 8 लाख 91 हजार 408 नए नाम जोड़े जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को लाभ देने के लिए ईकेवाईसी करवाने की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा पोर्टल में अजमेर जिले से 29 हजार 695 नए नाम जोड़े गए हैं। इसमें अजमेर शहर के 2 हजार 644 नाम हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले साल खाद्य सुरक्षा योजना में कुल 12 लाख 95 हजार नए नाम जोड़े गए थे। इस प्रकार वर्तमान सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा में कुल 21 लाख 87 हजार नाम जोड़े जा चुके हैं।

गोदारा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुसार खाद्य सुरक्षा का लाभ ले रहे व्यक्तियों को ईकेवाईसी करवाना अनिवार्य है। अंतिम तिथि तक भी ईकेवाईसी नहीं कराने वाले व्यक्ति स्वतः ही योजना से बाहर हो जाएंगे। राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर ईकेवाईसी की तिथि को लगातार बढ़ाया गया है। इसकी अंतिम तिथि को 15 अगस्त 2024 से बढ़ाकर 31 दिसम्बर किया गया तथा अब और आगे बढ़ाकर इसे 31 मार्च 2025 कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की 4 करोड़ 46 लाख की सीलिंग के विरुद्ध अब तक 4 करोड़ 39 लाख व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा जा चुका है। इनमें से 3 करोड़ 86 लाख लाभार्थियों द्वारा ईकेवाईसी करवा ली गयी है। उन्होंने बताया कि 10 साल तक की उम्र तक के बच्चे तथा 70 साल से अधिक के बुजुर्गो को ईकेवाईसी से छूट दी गयी है।

इससे पहले विधायक अनिता भदेल के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में वंचित पात्र परिवारों के नाम जोडने के लिए 26 जनवरी, 2025 से पोर्टल प्रारम्भ किया जा चुका है। उन्होंने इस संबंध में जारी पत्र की प्रति सदन के पटल पर रखी। उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों में खाद्य सुरक्षा योजना में 6,16,054 आवेदन स्वी कृत कर 23,26,811 नाम जोडे गये हैं। उन्होंने जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखा।

उन्होंने बताया कि विगत तीन वर्षों में अजमेर शहर में खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने हेतु 5,512 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1,736 आवेदन स्वीकार व 96 आवेदन निरस्त किए गए। गोदारा ने कहा कि विभाग द्वारा पृथक से सर्वे न कराया जाकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित लाभार्थियों की ई-केवाईसी करायी जा रही है।

उन्होंने बताया कि माह नवम्बर, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक गिवअप अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 की अनुसूची-1 के अनुसार ऐसे परिवार, जिनमें कोई आयकर दाता हो, कोई सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तषासी संस्थाओं में कर्मचारी या अधिकारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जिविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में सम्मिलित है, को स्वविवेक से खाद्य सुरक्षा योजना से अपना नाम हटाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि उनसे होने वाले रिक्त स्थान के विरूद्ध वास्तविक जरूरतमन्द परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ प्रदान किया जा सके।

### राशन डीलरों के कमीशन में 10% वृद्धि, नई दुकानों पर विचार खाद्य मंत्री

जयपुर। राज्य सरकार ने बजट 2024-25 में राशन डीलरों के कमीशन में 10 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि अब राशन डीलरों को 137 रुपये प्रति क्विंटल के स्थान पर 150.70 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिलेगा।

मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि विधानसभा क्षेत्र आसींद में 7 नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। अन्य स्थानों के लिए भी प्रस्ताव मिलने पर मांग और आवश्यकता के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

इससे पहले विधायक जब्बर सिंह सांखला के सवाल के जवाब में मंत्री ने स्पष्ट किया कि उचित मूल्य दुकानदारों को मानदेय देने का फिलहाल कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। दुकानदारों को उनके वितरित राशन की मात्रा के आधार पर ही कमीशन दिया जाता है।

मंत्री ने बताया कि विभागीय निर्देशों के अनुसार, 500 राशन कार्ड या 2,000 यूनिट की आबादी होने पर नई उचित मूल्य दुकान खोली जा सकती है। यह प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

## आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने वाला बजट – बजट घोषणाओं से कृषि क्षेत्र में होंगे नवाचार, मजबूत होगा कृषक

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में बजट कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं आय में वृद्धि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने में उपयोगी सिद्ध होगा। बजट घोषणाओं द्वारा कृषि क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी को बढ़ावा मिलेगा। राज्य में कृषि एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है। यहां की अधिकांश जनसंख्या कृषि कार्यों द्वारा ही अपनी आजीविका चलाती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों को राहत देने व उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई है। 900 करोड़ रूपये का अनुदान देकर 25 हजार फार्म पौण्ड, 10 हजार डिग्गी, 50 हजार सौर पम्प संयंत्र तथा 20 हजार किमी सिंचाई पाइपलाइन द्वारा 4 लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। 1 लाख हैक्टेयर क्षेत्र से अधिक में माइक्रोइरिगेशन तथा 3 लाख 50 हजार हैक्टेयर में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने के लिए 1 हजार 250 करोड़ रूपये का अनुदान दिया जाएगा। 324 करोड़ रूपये का व्यय कर 75 हजार किसानों को 30 हजार किमी लम्बाई में तारबन्दी पर अनुदान दिया जायेगा। राजस्थान कृषि विकास योजना अन्तर्गत 1 हजार 350 करोड़ रूपये से कृषि में नई तकनीकों कृषि आदान, जैविक खेती एवं क्षमता विकास के कार्य करवाए जायेंगे।कृषकों को 180 करोड़ रूपये की लागत से 35 लाख बीज मिनिकिट निःशुल्क वितरित किये जायेंगे । मुख्यमंत्री बीज स्वावलम्बन योजना के अन्तर्गत 5 लाख 44 हजार कृषकों को उच्च गुणवता युक्त बीज उत्पादन हेतु 63 करोड़ रूपये के 1 लाख 13 हजार क्विंटल बीज दिये जायेंगे। मृदा शक्ति संर्वधन योजना के अन्तर्गत किसानों को हरी खाद के लिए 3 लाख ढैंचा बीज मिनिकिट एवं 50 हजार किसानों को गोर्वधन जैविक उर्वरक योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जायेगा।

## प्रमुख शासन सचिव ने प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की समीक्षा कर चार माह का एक्शन प्लान बनाने और अकृषि क्षेत्र के बकाया ऋणों की वसूली के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कास)। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक पुरजोर प्रयास कर बकाया अकृषि ऋणों एवं राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजनाओं में वितरित ऋणों की वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वसूली की प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा होगी और ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

राजपाल मंगलवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने अकृषि ऋणों की वसूली की प्रगति अपेक्षानुरूप नहीं होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार तथा तत्परता लाने की सख्त हिदायत दी। राजपाल ने कहा कि अकृषि क्षेत्र में वितरित किये गए ऋणों की वसूली हेतु आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कम प्रकरणों में नोटिस जारी किए जाने पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरी क्षमता से वसूली के प्रयास करें और वसूली के लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने अधिकारियों को 4 माह का एक्शन प्लान बनाने और माहवार लक्ष्य तय कर लक्ष्यों की पूर्ति हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऋणियों से व्यक्तिगत रूप से भी समझाइश करें तथा गारंटरों से सम्पर्क कर वसूली तदनुरूप करने के प्रयास करें।

राजपाल ने कहा कि अकृषि क्षेत्र के अधिकांश ऋण उद्यमिता हेतु दिए हुए है इन ऋणों की वसूली में किसी से भी भेदभाव नहीं किया जाए। जिन ऋणियों पर ज्यादा राशि बकाया है, उनसे वसूली के विशेष रूप से प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि भूमि विकास बैंक कमजोर स्थिति से उबरे और उनका समुचित रूप से संचालन हो, इसके लिए बकाया ऋणों की वसूली में गति



लाया जाना आवश्यक है। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि कम राशि के ऋणों की वसूली हेतु अधिकारियों को पूरे मनोयोग से प्रयास करने की आवश्यकता है।

राजपाल द्वारा सचिव, प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को राज्य सरकार की ब्याज अनुदान योजनाओं के अन्तर्गत आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु किसानों एवं उद्यमियों को ऋण वितरण कर ब्याज अनुदान से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में राज्य भूमि विकास बैंक के प्रबंध निदेशक जितेन्द्र प्रसाद सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) एवं प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के सचिव वीसी ले माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## संपादकीय .....

# ट्रंप करेंगे बड़ा धमाका, नाटो के अलावा UN, IMF और वर्ल्ड बैंक से भी बाहर निकलेगा अमेरिका

अमेरिका का राष्ट्रपति पद दोबारा संभालने के बाद से डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह सरकार के खर्चों को कम करने के लिए एक के बाद एक बड़े कदम उठा रहे हैं उस कड़ी में कुछ और कड़े कदम भी उठाये जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि ट्रंप के सहयोगी उनको इस बात के लिए मनाने में सफल होते दिख रहे हैं कि अमेरिका को नाटो और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक तथा आईएमएफ जैसे संस्थानों से भी बाहर निकल जाना चाहिए। हालांकि ट्रंप कोई भी फैसला करने से पहले तमाम मुद्दों पर विचार कर रहे हैं लेकिन वह इस बात के प्रबल पक्षधर हैं कि उनकी ओर से चलाये गये मागा अभियान के तहत देश को उन गठबंधनों या संस्थाओं से बाहर आना चाहिए जो अमेरिकी हितों का ख्याल नहीं करते हैं।

अमेरिकी अरबपति एलन मस्क जिन्हें अमेरिका के सरकारी खजाने से हो रहे फिजूलखर्च को रोकने के लिए बनाये गये सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) का प्रमुख बनाया गया है, उन्होंने सोशल मीडिया की जानी मानी हस्ती गुंथर ईगलमैन के उस सुझाव का समर्थन किया है जिन्होंने कहा था- ÷यह नाटो और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) छोड़ने का समय है।÷ इसके बाद ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक संदेश के साथ रहस्य को और बढ़ा दिया, उन्होंने कहा, ÷कल की रात बड़ी होगी।%% हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति मंगलवार रात को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले हैं, जहां उनकी पार्टी के पास दोनों सदनों में बहुमत है।

हम आपको बता दें कि नाटो से बाहर आने के लिए तो अमेरिका में कई सांसदों की ओर से सार्वजनिक रूप से बयान भी दिये जाने लगे हैं। रिपब्लिकन सीनेटर माइक ली ने नाटो को ÷शीत युद्ध अवशेष÷ के रूप में वर्णित करते हुए तर्क दिया है कि यह यूरोप को असंगत रूप से लाभ पहुंचाता है। माइक ली काफी समय से नाटो की आलोचना करते रहे हैं। वह कहते रहे हैं कि यह गठबंधन ÷यूरोप के लिए एक बड़ा सौदा÷ है लेकिन ÷अमेरिका के लिए एक कच्चा सौदा÷ है। उन्होंने हाल ही में एक्स पर लिखा था- ÷हमें नाटो से बाहर निकालो।÷ उन्होंने पिछले महीने अन्य सांसदों के साथ मिलकर एक प्रस्ताव पेश किया था जिसमें संयुक्त राष्ट्र से बाहर निकलने का आग्रह किया गया था और इस वैश्विक संस्था को ÷अत्याचारियों के लिए एक मंच और अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमला करने का स्थान÷ बताया गया था। इसके अलावा ट्रंप के वफादार माने जाने वाले मार्जोरी टेलर ग्रीन भी नाटो से अमेरिका की वापसी का आह्वान करने वालों में से हैं। हम आपको याद दिला दें कि ट्रंप ने पहले भी धमकी दी थी कि यदि अन्य सदस्य अपने रक्षा खर्च को बढ़ाने में विफल रहे तो नाटो को रूसी बस के नीचे फेंक दिया जाएगा। उन्होंने एक बार चेतावनी देते हुए कहा था, ÷वास्तव में, मैं उन्हें (रूस को) जो कुछ भी वे करना चाहते हैं उसे करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा। आपको भुगतान करना होगा। आपको अपने बिलों का भुगतान करना होगा।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।




ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूंबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है।

पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

**– ललित गर्ग**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार

## समसामयिक

# महाकुंभ में सामाजिक समरसता की दिव्यानुभूति



प्रयागराज में 45 दिनों तक चले सेवा समरसता व एकात्मता के महायज्ञ महाकुंभ 2025 की पूर्णाहुति हो चुकी है। त्यागी,तपस्वी,योगी, संत महंत, सन्यासी अपने-अपने स्थान को वापस लौट चुके हैं। देश ही नहीं बल्कि दुनिया के कोने-कोने से आए 67 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा यमुना व सरस्वती की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर अपने को धन्य कर चुके हैं। यहां पर धर्म व अध्यात्म के साथ–साथ सेवा समर्पण व समरसता की सरिता निरंतर प्रवाहित होती रही।

इस महायज्ञ के मुख्य यजमान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए जिन्होंने समर्पण के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा की ऐसे सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। इस महाकुंभ में अगर सबसे ज्यादा प्रभावी भूमिका किसी की रही है तो वह स्वच्छता कर्मियों की रही है। महाकुंभ मे जो भी आया सबने स्वच्छता की सराहना की। महायज्ञ की सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छताकर्मियो के साथ बैठकर भोजन प्रसाद, ग्रहण कर सामाजिक समरसता की दिव्यानुभूति भी कराई।

जिस तरह केवट ने त्रेत्रायुग में श्रीराम को गंगा पार कराया था उसी परम्परा को निभाते हुए नाविकों ने महाकुंभ में आये श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचाकर पवित्र स्नान कराया था। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में नाविकों के योगदान को लेकर उनके साथ संवाद ही नहीं किया अपितु उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और नाव का पैसा देने की घोषणा कर उनका दिल जीतने का काम किया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के महानायकों स्वच्छताकर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों, पुलिसकर्मियों व रोडवेज चालकों को 10 हजार रूपये अतिरिक्त बोनस की घोषणा की है। नाविकों के पंजीकरण के बाद नाव के लिए पैसा और पांच लाख रूपये तक का बीमा कवर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के सहयोगों के साथ त्रिवेटी के तट पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी ने स्वयं गंगा जी के तट पर श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गये वस्त्रों को जलधारा से अलग किया।

वैसे कुंभ से बढ़कर सामाजिक समरसता का उदाहरण कोई हो नहीं सकता लेकिन एक योगी और गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर होते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक समरसता की मिशाल पेश की है उससे लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। हालांकि वह जिस परम्परा से हैं वहां हठ योग व त्याग की पराकाष्ठा रही है। नाथ परम्परा के योगी पहले स्वयं पर आधिपत्य व नियंत्रण करते हैं तब समाज को उस पर चलने के लिए कहते हैं। सामाजिक समरसता के क्षेत्र में गोरक्षपीठ की महती भूमिका रही है। योगी आदित्यनाथ के गुरू ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ ने देशभर में सामाजिक समरसता की अलख जगाने का काम किया था।

संत आध्यात्मिकता के वाहक होते हैं। संत स्वयं के आचरण व व्यवहार से सामाजिक समरसता की सीख देते हैं। योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ के दौरान यह कर के दिखाया है। जातिभेद,विषमता औंर ऊंचनीच का का पालन करना अधर्म है। धर्मशास्त्र इसका समर्थन नहीं करता। समरसता के अभाव में ही भारत कमजोर हुआ।

महाकुंभ का आयोजन तो प्राचीन काल से हो रहा है। लेकिन यह पहला अवसर है जब भारत के सभी राज्यों से चाहे पूर्वोत्तर का क्षेत्र हो या दक्षिण भारत के राज्य सभी स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुण महाकुंभ में आए। इस बार भारत की माटी में जन्मे विविध पंथ और भारत की सनातन परंपरा से जुड़े सभी मत संप्रदायों के संतों व आचार्यों का आगमन ही नहीं बल्कि उनका समागम भी हुआ। वनवासियों के साथ हमको समरस होना चाहिए। इस बार महाकुंभ में वनवासी कल्याण आश्रम की ओर से वनवासी युवाओं का एक भव्य कार्यक्रम महाकुंभ में संपन्न हुआ। वनांचलों में रहकर साधना करने वाले और वनवासियों में धर्म परम्परा व संस्कारों को बचाकर रखने वाले ऐसे संतों का आगमन भी महाकुंभ में हुआ।

सनातन संस्कृति का सबसे बड़ा समागम प्रयागराज महाकुंभ संपूर्ण विश्व के लिए आश्चर्य से कम नहीं रहा। भारत की विराटता का दिग्दर्शन महाकुम्भ में हुआ। सनातन की परम्पराओं के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने अद्धितीय व्यवस्थाएं की। न भूतो न भविष्यति। सनातन की परम्परा के अनुसार महाकुंभ का आयोजन स्वत- होता है। बिना बुलाये पूज्य संत और श्रद्धालु यहां पर संतों का सानिध्य व संगम में डुबकी लगाने के लिए आते हैं। इस बार भी करोड़ों लोग यहां समरस होकर आये। न जाति न पांति। सनातन के लिए इससे बढ़कर गर्वानुभूति क्या हो सकती है। पहली बार महाकुंभ में बौद्ध परंपरा के सभी शाखाओं के बौद्ध भिक्षु भंते व लामा आए। उनका स्वागत करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं आए। शैव जैन सिख बुद्ध इन सभी परम्पराओं का जन्म इसी पुण्यभूमि में हुआ है। आपस में अलग–अलग परम्पराओं के संतों के मिलने जुलने की प्रक्रिया संघर्ष के कालखण्ड में बंद हो गयी थी। इस परम्परा को इस बार फिर से शुरू की गयी। महाकुंभ में आयोजित संत समागम में देशभर के विभिन्न मत पंथ व सम्प्रदायों से जुड़े संतों ने दो दिनों तक सामाजिक समरसता विषय पर मंथन किया। विभिन्न मत पंथ व सम्प्रदायों के पूज्य संतों ने एक स्वर में न हिन्दू पतितो भवेत का उदघोष किया। संतों ने कहा कि सभी हिन्दू भाई हैं। हिन्दू कभी अछूत नहीं हो सकता। जातिभेद,विषमता,अस्पृश्यता इनका पालन करना अधर्म है। पूज्य संतों ने एकता,समता,समानता व समरसता का संदेश देने के साथ ही समाज से भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लिया। महाकुम्भ में दुनिया के कई देशों से आये भंते,लामा व बौद्ध भिक्षुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाकर दुनिया को सनातन व बौद्ध की एकता का संदेश दिया। बुद्धं शरणं गच्छामि,धम्मं शरणं गच्छामि,संघम् शरणम गच्छामि के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शोभायात्रा निकाली गयी।

**–बृजनंदन राजू**

-ये लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं

इस महायज्ञ के मुख्य यजमान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए जिन्होंने समर्पण के साथ परिश्रम की पराकाष्ठा की ऐसे सभी विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। इस महाकुंभ में अगर सबसे ज्यादा प्रभावी भूमिका किसी की रही है तो वह स्वच्छता कर्मियों की रही है। महाकुंभ मे जो भी आया सबने स्वच्छता की सराहना की। महायज्ञ की सफलता के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छताकर्मियो के साथ बैठकर भोजन प्रसाद, ग्रहण कर सामाजिक समरसता की दिव्यानुभूति भी कराई। जिस तरह केवट ने त्रेत्रायुग में श्रीराम को गंगा पार कराया था उसी परम्परा को निभाते हुए नाविकों ने महाकुंभ में आये श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचाकर पवित्र स्नान कराया था।

## शख्सियत

# भारतीयता की तहजीब को आवाज देने वाले फनकार




रूमानियत, समाज एवं संस्कृति में रची बसी जिनकी शायरी हर उम्र के लोगों के जीवन का हिस्सा है, ऐसे महान् 'शायर-ए-जमाल'-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। गंगा-जमुना के संगम एवं सांझी संस्कृति वाले शहर इलाहाबाद के फ़िराक़ की तमाम शायरी कुछ ऐसी है जो सही मायने में गंगा-जमुनी तहजीब की शायरी है। और भी कुछ शायर गंगा-जमुनी के तहजीब के माने-कहे जाते हैं लेकिन फ़िराक़ के लिए इसका मायने बहुत गहरे एवं हिन्दुस्तान की अस्मिता से जुड़ा था। वे जो लिख रहे थे, असल में हजारों साल की तहजीब को आवाज दे रहे थे, विविधता और विस्तार में एकता की गहरी जड़ें तलाश रहे थे।

रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल, नज्म और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा एवं नये मानक उत्पन्न किये। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं। वैसे भी फ़िराक़ के दौर को देखा जाए तो उस वक्त हर तरफ कद्दावर लोग थे। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और सुमित्रानंदन पंत के अलावा पंडित जवाहर लाल नेहरू, महादेवी वर्मा, अमरनाथ झा, हरिवंशराय बच्चन समेत और भी कई बड़े कलमकार उसी इलाहाबाद में थे। इलाहाबाद के बाहर की दुनिया की बात करें तो महात्मा गांधी के उस दौर में कई बड़े दार्शनिक, कवि और शायर राष्ट्रीय फलक पर सितारे की तरह चमक रहे थे। उस कहकशां में भी फ़िराक़ की चमक कहीं कम नहीं पड़ती है।

फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता मुंशी गोरख प्रसाद से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। सन् 1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया।




## मुश्किल में फंसी धनुष की कुबेर

साउथ सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इन दिनों कुबेर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कुबेर धनुष और सुपरस्टार नागार्जुन के बीच पहला सहयोग है। फिल्म में रश्मिका मंदाना मुख्य नायिका की भूमिका में हैं। सभी किरदारों के फर्स्ट लुक पहले ही जारी हो चुके हैं। वहीं, इस बीच अब खबर है कि कुबेर अब मुश्किल में फंस चुकी है।
करीमकोंडा नरेंद्र नाम के एक टॉलीवुड निर्माता ने दावा किया है कि उन्होंने नवंबर 2023 में तेलुगु फिल्म निर्माता परिषद के साथ कुबेर शीर्षक पंजीकृत किया था और उन्होंने अपनी फिल्म की शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा पहले ही पूरा कर लिया है। नरेंद्र ने निर्देशक शेखर कम्मुला पर शीर्षक के उल्लंघन का आरोप लगाया और शीर्षक बदलने या उन्हें हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की। नरेंद्र ने तेलुगु फिल्म चैंबर से हस्तक्षेप करने और न्याय करने का अनुरोध किया है।

### फिल्म की शूटिंग पूरी

वहीं, इन आरोपों पर अब तक कुबेर की टीम, धनुष या नागार्जुन में से किसी ने भी चुप्पी नहीं तोड़ी है। शीर्षक की मुसीबत के बीच शेखर कम्मुला की कुबेर की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिलहाल पोस्ट-प्रोडक्शन की औपचारिकताएं चल रही हैं। फिल्म का टीजर भी पहले ही जारी हो चुका है।

### फिल्म की कहानी

फिल्म में धनुष के किरदार की बात करें तो कुबेर में धनुष एक ऐसे किरदार को निभा रहे हैं, जो एक बेघर व्यक्ति के रूप में शुरू होता है, लेकिन अंतत: एक शक्तिशाली माफिया सरगना बन जाता है। रश्मिका और धनुष के साथ फिल्म में अक्किनेनी नागार्जुन, संदीप किशन, जिम सर्भ और अन्य भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में नागार्जुन एक पुलिस ऑफिसर का किरदार निभा रहे हैं।

### शेखर-धनुष की पहली फिल्म

सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव द्वारा निर्मित कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है। प्रोडक्शन डिजाइनर रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे तकनीकी दल का हिस्सा हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुभाषी फिल्म है।



## रेस 4 में हुई रकुल प्रीत सिंह की एंट्री, सैफ के सामने आएंगी नजर!

फिल्म निर्माता रमेश तौरानी ने पहले पुष्टि की थी कि अभिनेता सैफ अली खान रेस 4 में मुख्य भूमिका में लौटेंगे। अब, पता चला है कि रकुल प्रीत सिंह इस प्रत्याशित थ्रिलर फ्रैंचाइज़ में खान के साथ शामिल हो सकती हैं। हालांकि सूत्र ने पुष्टि नहीं की कि सिंह जिस प्रोजेक्ट में शामिल हुई हैं वह वास्तव में रेस 4 है, लेकिन यह संभावना है कि यह वही हो, क्योंकि खान और तौरानी अभी केवल इसी प्रोजेक्ट पर साथ काम कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी गुप्त रखी गई है, लेकिन रेस की दुनिया में सिंह का प्रवेश निश्चित रूप से इसे और भी रोमांचक बनाता है।
प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि सिंह कुछ ऐसा करने के लिए वाकई उत्साहित हैं जो उन्होंने पहले कभी नहीं किया है। हालांकि उन्होंने पिछले कुछ सालों में कई बड़े बजट की फ़िल्मों में काम किया है, लेकिन रेस फ्रैंचाइज़ में प्रवेश करना उनके लिए एक दिलचस्प चुनौती होने जा रही है। सूत्र ने कहा, रकुल रमेश तौरानी के बैनर तले एक रोमांचक नई परियोजना के लिए सैफ अली खान के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। मेरे हसबैंड की बीवी की सफलता के बाद, वह स्मार्ट विकल्प चुन रही हैं, और यह फिल्म उनकी गति को और बढ़ाएगी। 34 वर्षीय रकुल ने अतीत में विभिन्न शैलियों में काम किया है। उन्हें रोमांटिक-कॉमेडी शैली पर मजबूत पकड़ के लिए जाना जाता है, और रेस 4 उनके बहुमुखी करियर को और आगे ले जाएगी। हालांकि, निर्माताओं द्वारा अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।
रेस फ्रैंचाइज़ में सैफ अली खान की वापसी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर पहले से ही काफी उत्सुकता बढ़ा दी है।



अगर रकुल प्रीत सिंह इस फिल्म में शामिल होती हैं, तो स्क्रीन पर एक नई जोड़ी की उम्मीद की जा सकती है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों को एक साथ जोड़ा गया है या नहीं। पिछले साल की शुरुआत में, खान के रेस 4 में काम करने की पुष्टि करते हुए, निर्माता रमेश तौरानी ने कहा- सैफ रेस फ्रैंचाइज़ में वापस आएंगे, और हम उन्हें लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने पहली दो फिल्मों में शानदार काम किया है। फिल्म में कई कलाकार होंगे, और हम स्क्रिप्ट और कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। हमने निर्देशक को भी अंतिम रूप नहीं दिया है। हम फिल्म की आधिकारिक घोषणा अगले साल, संभवत: फ्लोर पर जाने से पहले करेंगे। इस बीच, सिंह को आखिरी बार अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर के साथ मेरे हसबैंड की बीवी में देखा गया था। फिल्म इस महीने की शुरुआत में रिलीज़ हुई थी। रेस 4 उनके करियर में एक शानदार जोड़ होने जा रही है।



## मृणाल ठाकुर अभिनीत डकैत में हुई अनुराग कश्यप की एंट्री



अदिवी शेष की आगामी फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर की एंट्री के बाद अब अनुराग कश्यप की एंट्री के साथ ही उनके किरदार से भी पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर की भूमिका में नजर आएंगे, जिसका नाम स्वामी है। फिल्म निर्माताओं ने फिल्म से एक और नए किरदार का पहला लुक जारी किया है, जिसे बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप निभाएंगे। इस फिल्म में अनुराग एक इंस्पेक्टर स्वामी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इंस्पेक्टर स्वामी का पहला लुक शेयर करते हुए निर्माताओं ने पोस्ट को कैप्शन दिया, दीक्षा लो उग्रा पुलिस नन्नु पत्तुकुंटाडु अता.. नन्नु पत्तुकोवलांटे आ देवुडे डिजी रावली इमो.. डकैत में अद्भुत अनुराग कश्यप सर को लेकर बेहद खुश हूं।

### अनुराग की पहली तेलुगु फिल्म है डकैत

फिल्म डकैत से अनुराग कश्यप तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। निर्देशक से अभिनेता बने अनुराग कश्यप इससे पहले तमिल फिल्मों में काम कर चुके हैं। इससे पहले, डकैत के कलाकारों में बड़ा बदलाव तब हुआ था, जब किन्हीं वजहों से श्रुति हासन ने मुख्य अभिनेत्री के रूप में इस प्रोजेक्ट से हाथ खींच लिया था और श्रुति की जगह फिर मृणाल ठाकुर को साइन कर लिया गया। 17 दिसंबर, 2024 को डकैत के निर्माताओं ने अदिवी के जन्मदिन के साथ ही मृणाल ठाकुर का पहला लुक जारी किया था। इस पोस्टर में मृणाल के माथे पर चोट लगी है और वह एक कार में बैठी नजर आ रही हैं और उनके हाथ में बंदूक दिखाई दे रही है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, हमारे डकैत अदिवी शेष को जन्मदिन की शुभकामनाएं। उनके खास दिन पर, हम उनसे मिलवाते हैं जिसने उन्हें धोखा दिया। उनका प्यार। उनका दुश्मन। मृणाल ठाकुर का फिल्म में स्वागत है।

## 'क्रेजी' का नहीं बन पा रहा क्रेज




फिल्म 'छावा' लगभग दो हफ्तों से अधिक समय से सिनेमाघरों में टिकी हुई है और अच्छा कलेक्शन कर रही है। इसी बीच शुक्रवार को सोहम शाह की फिल्म 'क्रेजी' भी रिलीज हुई। इस फिल्म की चर्चा रिलीज से पहले काफी हो रही थी। लेकिन पहले दिन फिल्म ने कोई बड़ा कमाल कलेक्शन के मामले में नहीं किया। जानिए, दूसरे दिन फिल्म 'क्रेजी' ने कितना कलेक्शन किया है। फिल्म क्रेजी के दूसरे दिन के कलेक्शन की बात करें तो अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार यह फिल्म 57 लाख रुपये ही कमा पाई है। जबकि पहले दिन इसने 1 करोड़ रुपये की कमाई का नंबर हासिल कर लिया था। लेकिन जितनी उम्मीद इस फिल्म के मेकर्स को थी, उतना कलेक्शन यह फिल्म नहीं कर पाई। फिल्म की कुल कमाई भी अब तक 1.57 करोड़ रुपये ही है।

### वीकएंड का फायदा नहीं उठा पाई 'क्रेजी'

वीकएंड पर कम कमाई करने वाली फिल्में भी अपने कलेक्शन में बढ़ोतरी कर लेती हैं। लेकिन सोहम शाह की फिल्म ऐसा करती नहीं दिख रही है। इसकी वजह फिल्म 'छावा' है। दरअसल, सिनेमाघरों में दो हफ्ते बाद भी 'छावा' का क्रेज बना हुआ है। यह फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर रही है, 400 करोड़ क्लब में भी शामिल हो चुकी है।

## जिस चीज से प्यार करती हूं, वह कर पा रही हूं

फिल्म दम लगा के हईशा को रिलीज हुए 10 साल हो गए। इस फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को भी फिल्म इंडस्ट्री में 10 साल हो गए। वह अपने इस सफर को लेकर कृतज्ञता से भरी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा मैं बहुत खुशनसीब हूं कि मैं अभी भी वह कर पा रही हूं, जिससे मैं बहुत प्यार करती हूं।

### फिल्म के हिट और फ्लॉप होने का नहीं था दबाव

एक रिपोर्ट के मुताबिक भूमि पेडनेकर ने कहा कि मुझे अभी भी याद है जब दम लगा के हईशा का प्रीमियर आया था। मुझे नहीं पता था कि क्या होगा, लेकिन बहुत खुश थी क्योंकि मेरे ऊपर दबाव नहीं था कि फिल्म हिट होगी या फिर फ्लॉप। मेरी पहली फिल्म रिलीज हो रही थी और शायद ये मेरी सबसे बड़ी कामयाबी थी। जब मुझे कभी शक होता है, तो मैं उसी ऊर्जा का इस्तेमाल करती हूं।

### फिल्मों में चुना अलग-अलग किरदार

भूमि का कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं रहा है। उन्होंने अपना करियर अपरंपरागत रोल से शुरा किया। उनके मुताबिक तब से वह ऐसे विकल्प चुनती आ रही हैं क्योंकि वह खुद को सीमित नहीं रखना चाहती। भूमि ने कहा मैं अपने आपको किसी भी सांचे में नहीं रखना चाहती, न मैं वैसा करना चाहती हूं, जो मेरे किसी साथी ने किया है। मैं वह काम करना चाहती हूं जिससे मैं जुड़ती हूं। कुछ मेरे लिए आसान होते हैं, तो कुछ मुश्किल, लेकिन ये सभी मेरी पसंद हैं और मैं इस पर फख्र महसूस करती हूं। भूमि पेडनेकर ने दम लगा के हईशा फिल्म से अपने करिअर की शुरूआत की। इसके बाद वह टॉयलेट; एक प्रेम कथा में नजर आईं। उनकी दूसरी बेहतरीन फिल्मों में सांड की आंख, बाला, बधाई दो और रक्षा बंधन है। हाल ही में वह मेरे हस्बैंड की बीवी में नजर आई थीं। इस फिल्म में भूमि के अलावा रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर हैं। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत ज्यादा कमाल नहीं कर पाई है।






## सिमर से लेकर शनाया कपूर तक ये स्टार किड्स आएंगे इन फिल्मों में नजर

**7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की फिल्म नादानियां रिलीज होने वाली है। वह इस फिल्म से बॉलीवुड इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रहे हैं। ऐसे कई स्टार्स के किड्स हैं, जो साल 2025 में बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। आइए इनके बारे में जानते हैं।**

### संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर



संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बॉलीवुड में कदम रखने को तैयार हैं। खबर है कि वह दक्षिण भारत की फिल्म वृषभ में नजर आएंगी। फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। संजय कपूर की बीवी का नाम महीप कपूर है।

### शाहरुख के बेटे आर्यन खान



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान के बेटे भी बॉलीवुड में आ रहे हैं। लेकिन वह बतौर डायरेक्टर-राइटर इस इंडस्ट्री में आएंगे। वह वेब सीरीज से इंडस्ट्री में कदम रखेंगे। उनकी सीरीज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसे शाहरुख खान प्रोड्यूज कर रहे हैं।

### अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया



अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी बॉलीवुड में अपने जलवे दिखाने वाली हैं। वह अमिताभ बच्चन के नाती अगस्तया नंदा के साथ फिल्म इक्कीस में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन करने वाले हैं।

### अब्राहिम अली खान खुशी कपूर

सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान नादानियां के अलावा सरजमीन फिल्म में नजर आएंगे। उनके साथ एक्ट्रेस काजोल भी नजर आने वाली हैं। जल्द ही इस फिल्म की बाकी अपडेट भी आएगी। नादानियां में सैफ के साथ श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर भी नजर आएंगी।

## परिणीति चोपड़ा ने शुरू की वेब सीरीज की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अब जल्द ही एक वेब सीरीज में नजर आएंगी, जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। अनटाइटल्ड थ्रिलर-ड्रामा वेब सीरीज की शूटिंग को लेकर परिणीति ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक अपडेट शेयर किया है। इस जानकारी से मिलने पर प्रशंसकों के बीच वेब सीरीज को लेकर उत्साह और अधिक बढ़ गया है। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल की स्टोरी पर सुबह शूटिंग के लिए सेट पर जाते हुए खास वीडियो शेयर किया है। शूटिंग लोकेशन का जिक्र किए बिना परिणीति ने कैप्शन में लिखा, चलो शूटिंग पर डे 7 जिससे पता चलता है कि शूटिंग शुरू हुए एक हफ्ता हो चुका है और शूटिंग का सातवां दिन है।





# आपकी ख़ुशी के भी मायने हैं

खुद की और अपने करीबी लोगों की खुशी के बीच संतुलन ही सुख का आधार है। अपनी पसंद-नापसंद अपनी खुशी-दुख के प्रति भी संवेदनशील रहें और दूसरों की खुशी व दुख के प्रति भी संवेदनशीलता बरतें। व्यक्तिगत पसंद-नापसंद में दूसरों की पसंद-नापसंद पर जरा रुककर विचार करें।

हम कभी भी खुद से ये सवाल नहीं पूछते हैं कि हम खुश हैं? खुश हैं तो कितने और यदि नहीं हैं तो क्यों नहीं हैं? हमारी खुशी किन-किन चीजों पर निर्भर करती है और हमने जीवन को किस तरह से संतुलित किया हुआ है?

सुनिधि परिवार को लेकर बहुत संवेदनशील है, इसलिए वो हमेशा वही करती है, जो करने की अपेक्षा उसका परिवार उससे करता है। क्या बनाना है, से लेकर कहां से क्या खरीदना, कब और कैसे खरीदना यहां तक कि हमेशा इस बात को लेकर वह बहुत अलर्ट रहती है कि उसकी सास और पति को उसका क्या पहनना पसंद है और क्या नहीं। वो कभी यह जान ही नहीं पाई कि खुद उसे क्या पसंद है? क्या पहनना, खाना और किस तरह से जीना...। नतीजा ये हुआ कि उसकी पसंद-नापसंद को लेकर परिवार हमेशा ही उदासीन बना रहा और एक वक्त पर जब उसे यह महसूस हुआ कि कुछ ऐसा भी है, जो करना उसे पसंद तो आता है, लेकिन वो ऐसा कुछ कर ही नहीं पाई...। परिवार के प्रति तरल होकर उसने खुद को बिलकुल ही भुला दिया, तब उसे बहुत अफसोस हुआ। इसके ठीक उलट राशि का मामला रहा। राशि हमेशा हर चीज में परिवार के विरोध में ही खड़ी रहती थी। उसे लगता था कि ये उसके अपने व्यक्तित्व का सवाल है। परिवार में शादी हो या फिर कोई त्योहार, उसे पारंपरिक कपड़े पहनना अपनी तौहीन लगती थी। धीरे-धीरे यह होने लगा कि वो पूरे परिवार से कट गई और पूरे परिवार में उसे विद्रोही के तौर पर देखा जाने लगा। एक समय ऐसा भी आया, जब उसे ये लगने लगा कि वो बिलकुल अकेली हो गई है। तो उधर सुनिधि ने खुद को परिवार में गर्क कर दिया। खुद की खुशी और दुख तक कभी पहुंची ही नहीं और आखिर में वो असंतुष्ट ही रहने लगी तो दूसरी तरफ राशि ने खुद को स्थापित करने के लिए परिवार को दरकिनार कर लिया और गुजरते वक्त के साथ उसे ये महसूस हुआ कि अपनी खुशी और गम को मनाने के लिए उसके साथ कोई नहीं है... वो बस अकेली है।

ये दोनों ही मामले अतिवादी हैं। ये तय नहीं होता कि सुनिधि सुखी है या फिर राशि..., क्योंकि एक वक्त के बाद दोनों ही असंतुष्ट हैं। दोनों के ही अपने-अपने अलग तरह के दुख हैं। तो फिर सुख क्या है और सुखी होना क्या है? असल में खुद की और अपने करीबी लोगों की खुशी के बीच संतुलन ही सुख का आधार है। अपनी पसंद-नापसंद, अपनी खुशी-दुख के प्रति भी संवेदनशील रहें और दूसरों की खुशी व दुख के प्रति भी संवेदनशीलता बरतें। व्यक्तिगत पसंद-नापसंद में दूसरों की पसंद-नापसंद पर जरा रुककर विचार करें।

यदि वो आपको मुफीद बैठता है या थोड़ी तालमेल की गुंजाइश नजर आती है तो उसे अपनाकर देखें। खुद को भी खुशी मिलेगी और यदि आपके करीबी भी खुश होंगे तो आपकी अपनी खुशी दोगुनी हो जाएगी। इसी तरह दूसरों के सुख-दुख का हिस्सा बनें और उन्हें भी अपनी खुशी-गम का हिस्सेदार बनाएं, देखिए सुख किस तरह दबे पांव आपको आ घेरता है। करके देखिए... यही प्यार, विश्वास और अपनापन आपको सुख और आत्मविश्वास से दमकता रखेगा।

# खूबसूरती के लिए है गुलाब

गुलाब को फूलों का राजा यूं ही नहीं कहा जाता है। रंग और सौंदर्य के साथ-साथ खुशबू का मेल उसे बेजोड़ बना देता है, लेकिन इसके साथ ही ये बहुउपयोगी भी है। सौंदर्योपचार के लिए भी गुलाब कई रूपों में उपयोगी है। गुलाब को विभिन्न रूप में जैसे तेल, सूखे पावडर, उबटन आदि रूप में इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि गुलाब की पत्तियों में विटामिन ई और के होता है, जो न केवल त्वचा के लिए लाभदायक होता है, बल्कि प्रदूषण से भी बचाता है।

गुलाब त्वचा को पोषण प्रदान करता है, जिससे त्वचा तरोताजा बनी रहती है। संक्षेप में गुलाब मन और सौंदर्य दोनों के लिए अच्छा टॉनिक है।

**गुलाब फेसपैक** - गुलाब जल तैयार करने के लिए गुलाब की पंखुड़ियां काम में लाई जाती हैं, जो त्वचा को स्वस्थ बनाती हैं। यह खुरदुरी, रूखी त्वचा को मुलायम बनाती हैं और खुले हुए रोमछिद्रों को बंद करती हैं। इसका इस्तेमाल लोशन, क्रीम और फेसपैक बनाने के लिए किया जाता है।

गुलाब का उपयोग और भी कई तरह से किया जा सकता है।

- एक शीशी में ग्लिसरीन, नींबू का रस और गुलाब जल को बराबर मात्रा में मिलाकर घोल बना लें। दो बूंद चेहरे पर मलें। त्वचा में नमी और चमक बनी रहेगी और त्वचा मखमली-मुलायम बन जाएगी।
- एक प्याला उबले गुलाब जल में एक बड़ा चम्मच नारंगी के छिलके, एक बड़ा चम्मच नींबू के छिलके और 30 पत्ते पुदीना डाल दें और घंटेभर के लिए छोड़ दें, फिर छानकर इस मिश्रण में 2 बड़े चम्मच रोजमेरी चूर्ण और आधा छोटा चम्मच सोडियम बेंजोएट मिला लें। सारी सामग्री को अच्छे से मिलाकर फ्रिज में रख लें। रात को सोने से पहले रूई से चेहरे पर लगाएं और थोड़ी देर बाद धो लें। इससे चेहरे पर कांति और निखार आता है।

सफेद मोम को आधा प्याला बादाम तेल डालकर हल्की आंच पर रखकर मिला लें। फिर इसमें आधा प्याला गुलाब जल डाल दें। ठंडा होने पर आधा चम्मच सोडियम बेंजोएट डालें। जमने तक छोड़ दें। इस्तेमाल के लिए बढ़िया क्रीम तैयार है। रात में सोने से पहले इसका इस्तेमाल करें।

- 500 ग्राम सेब को ब्लैंडर में डालकर अच्छे से मैश कर लें। रस और गूदे को 500 ग्राम वेजिटेबल क्रीम में मिला दें। मिश्रण को हल्की आंच पर गर्म करें। जब सब घुलमिल जाए, तब आंच से हटाकर एक चम्मच टिंचर बेंजाइट और एक प्याला गुलाब जल मिलाएं। छानकर बोतल में भरें। इस क्रीम को चेहरे और गर्दन पर लगाकर मालिश करें। यह हर तरह की त्वचा के लिए उत्तम है।
- तीन टुकड़े स्ट्रॉबेरी को लेकर धो लें। इसके गूदे में एक बड़ा चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाएं, फिर ठंडे पानी से मुंह धो लें।
- एक छोटा चम्मच मुल्तानी मिट्टी के चूर्ण में 2 छोटे चम्मच गुलाब जल डालकर रखें। फिर एक छोटा चम्मच नारंगी का रस और एक बड़ा चम्मच शहद डालें। मुलायम पैक बन जाए, तब चेहरे पर लगाकर रखें। सूखने पर ठंडे पानी से मुंह धो लें।



# किशोरावस्था की उलझन मुंहासे और रोमछिद्र



किशोरावस्था से तरुणाई में प्रवेश करते समय शरीर में रासायनिक व हारमोनल परिवर्तन तेजी से होते हैं। मुहांसे अधिकतर इसी आयु में निकलते हैं, लेकिन सभी को नहीं। मुंहासे प्रायः तैलीय त्वचा पर ही निकलते हैं। मुहांसे ही बाद में रोमछिद्र में परिवर्तित हो जाते हैं। जो किशोरियां अंगुलियों से या प्लकर से मुहांसे से पस निकालती हैं, उन्हें ही अक्सर रोमछिद्र की शिकायत होती है। कभी-कभी तो मुहांसे दाग भी छोड़ देते हैं जो चेहरे पर भद्दे लगते हैं। रोमछिद्रों की समस्या युवतियों की एक आम समस्या बनती जा रही है। इनकी समस्या का मूल कारण अत्यधिक तैलीय त्वचा का होना होता है। दूसरा कारण त्वचा की उचित देखभाल न करना होता है। रोमछिद्र हो जाने से जहां एक ओर चेहरे की सुंदरता समाप्त होती है, वहीं दूसरी ओर समय से पूर्व ही किशोरियों के चेहरे पर परिपक्वता झलकने लगती है। यही कारण है कि आज की युवतियां सौंदर्य के प्रति सजग होती जा रही हैं। हालांकि रोमछिद्रों की समस्या को मूल से तो समाप्त नहीं किया जा सकता फिर भी अगर त्वचा की उचित देखभाल की जाए तो इस समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकता है। इसके लिए इन सलाहों पर गौर करें-

पेट साफ रखें। कब्ज न होने दें। तली चीजों की जगह भोजन में दूध, फल, हरी सब्जियां व सलाद की मात्रा बढ़ाएं। गरम पदार्थ जैसे मांस, मछली, अंडा, चाय, काफी अधिक लेती हों तो इनकी मात्रा कम कर दें। दिन में दो-तीन बार चेहरे को पहले गरम व फिर ठंडे पानी से धोएं। गरम पानी में कपड़ा भिगो कर पहले चेहरे को भाप दें। उसके बाद रोमछिद्र खुल जाने पर चेहरे को ठंडे पानी से थपथपाएं व बर्फ का टुकड़ा तब तक धीरे-धीरे मलें जब तक कि त्वचा सहन कर सके। चेहरा साफ हो जाने पर एंस्ट्रिजेंट का प्रयोग करें।

चेहरे पर क्रीम नहीं लगाएं। चेहरे पर भारी-भरकम मेकअप नहीं करें। गरमियों में चेहरे पर खीरे का रस लगाएं। रोमछिद्रों को बंद करने के लिए फिटकरी को गरम पानी में घोल कर रुई की सहायता से चेहरे पर लगाएं। टमाटर को चेहरे पर मलने से रोमछिद्रों से छुटकारा मिल सकता है।

अंडे की सफेदी का मास्क रोमछिद्रों को संकुचित करने में ज्यादा उपयोगी साबित हो सकता है। इस मास्क का प्रयोग सप्ताह में दो या तीन बार जरूर करें। टमाटर, मुलतानी मिट्टी और फिटकरी तीनों को अच्छी तरह मिक्स करके चेहरे पर लगाने से चेहरा सुंदर तो होता ही है साथ ही रोमछिद्र भी बंद हो जाते हैं। हल्के कुनकुने पानी में थर्मोहर्ब पाउडर डाल कर उसका लेप बना कर आंखों व होठों को छोड़ बाकी चेहरे पर लगाएं। यह मास्क त्वचा की भीतरी परतों में नमी पहुंचा कर तनाव हटाता है और खुले रोमछिद्रों को बंद करता है।

# सुख-दुःख साझा करती हैं सखी-सहेलियां

शैलजा, रोमाली और अंजलिका तीनों ने आज अपने घर और ऑफिस के काम से छुट्टी लेकर पूरे दिन साथ में घूमने का प्लान बनाया है। उनकी इस आउटिंग में साथ में न तो उनके पति होंगे न बच्चे। ये उनका अपना समय होगा, जिसे वे अपने तरीके से इंजॉय करेंगी। अपने मन की बात करेंगी। ये तीनों सहेलियां महीने में एक बार जरूर मिलती हैं।

इस तरह उनका सिर्फ अपने लिए मिलना उन्हें महीनेभर के लिए ऊर्जा से भर देता है एक तरह से उन्हें जैसे रिफ्रेश कर देता है। दरअसल ये तीनों अपनी इस टोली में वे एक-दूसरे से अपने सुख-दुःख साझा करती हैं। मौज-मस्ती करती हैं।

इन तीनों सहेलियों ने शादी के बाद यों मिलना, साथ में कुछ वक्त बिताना, घूमना-फिरना काफी सोच-विचार कर तय किया है। दरअसल वे तीनों सालों से एक जैसे चल रहे रुटीन से इतना तंग आ गई थी कि रात के खाने का मैन्यू और ऑफिस की फाइलों के बारे में सोचने से उन्हें कोफ्त होने लगी थी। सो उन्होंने इसे बदलने का सोचा।

कहानी केवल इन तीन सहेलियों की नहीं है। कभी-कभी आपको भी लगता होगा कि सुबह से शाम के एकरस रुटीन को जीना बोरिंग हो जाता है। खासतौर पर शादी के बाद जिस तरह महिलाओं की जिंदगी बदलती है, उसमें आने वाली एकरसता जिंदगी के स्वाद को बेमजा कर डालती है। फिर चाहे आप हाऊसवाइफ के रोल में हों या साथ वर्किंग वूमन के।

बच्चों को तैयार करके स्कूल भेजना, पति के ऑफिस जाने की तैयारी करना, घर की साफ-सफाई करना, खाना बनाना, कपड़े धोना, खरीदारी करना, मेहमानों को अटैंड करना और यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो साथ में अपने ऑफिस का काम भी मैनेज करना। स्त्री चाहें होम मेकर हो या वर्किंग घरेलू काम का दबाव उन पर अक्सर रहता ही है।

कई बार घर की जिम्मेदारियों के चलते महिलाएं अपने होने के अहसास, अपनी खुशियों और अपने लिए जीने, अपने बारे में सोचने की बात को बहुत पीछे ढकेल देती हैं। उन सारे शौक और कामों को बिलकुल हाशिए पर डाल देती हैं, जो कभी उन्हें ऊर्जा देने का काम करते थे। वे घुट-घुट कर जीने लगती हैं।

यह हमेशा याद रखिए कि अपनी इच्छाओं का गला घोंटने या दबाने से जीवन में निराशा ही पैदा होती है और यह निराशा अवसाद की ओर ले जाती है। इससे पहले कि आप जिंदगी से ही तंग आ जाएं, इसे बेहतर ढंग से जीने की कोशिश करें। जीवन की एकरसता को तोड़ें। छोटी-छोटी बातों से जिंदगी में खुशियों के रंग भरें। यदि आप अपने बारे में नहीं सोचेंगी तो कौन सोचेगा?

शादी के बाद भी काम और परिवार से परे आपकी भी अपनी एक निजी जिंदगी है, जिसे जीने का आपको भी पूरा हक है। समय निकालिए खुद के साथ जीने के लिए। यदि आपकी सहेलियों का कोई ग्रुप है तो बहुत ही अच्छा, वरना नए मित्र बनाइए और छोटी-मोटी आउटिंग से लेकर पूल लंच-डिनर या यूं ही विंडो शॉपिंग करने निकल पड़िए।

यही नहीं, थोड़ी-बहुत गॉसिप भी कभी-कभार के लिए कतई बुरी नहीं। इससे आप कुछ हल्के पल जिएंगी और खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। तो देर किस बात की..आज से ही शुरुआत कर डालिए।

**शादी के बाद भी काम और परिवार से परे आपकी भी अपनी एक निजी जिंदगी है, जिसे जीने का आपको भी पूरा हक है। समय निकालिए खुद के साथ जीने के लिए।**



## दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज के साम्हेला से शुरू हुआ दादू मेला



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** सप्त दिवसीय विख्यात दादू मेले का शुभारंभ श्री दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज के साम्हेला (शोभायात्रा) के साथ शुरू हो गया। दादू पीठाधीश्वर की शोभायात्रा सिंहली की पाल से बैंड-बाजे की भक्तिमय संगीत की धुनों के साथ लवाजमे के साथ रैगर मोहल्ला, आजाद चौक, जैन मंदिर, सुभाष चौक, स्टेशन रोड़ होते हुए दादू मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह पर कस्बेवासियों द्वारा दादू पीठाधीश्वर को माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के दौरान जमातों के युवाओं ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सप्त दिवसीय मेले के दौरान कथा-प्रवचन, सत्संग, जागरण सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मेले में पधारे हुए हजारों श्रद्धालुओं ने सांय पंगत प्रसादी ग्रहण की। नगरपालिका अध्यक्ष सावित्री देवी स्वामी की तरफ से सांभर-रूपनगढ रोड़ व सावरदा रोड़ पर मेले में पधारे हुए श्रद्धालुओं के लिए स्वागत द्वार लगायें गये।

### स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत की कार्यवाही,

## 2 किलो प्लास्टिक थैलियों की जब्ती के साथ 8 चालान व 900 रुपयों का जुर्माना वसूला

### प्रतिबंधित थेलियां के इस्तेमाल नहीं करने व आम रास्ते के पर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर समझाइए की गई।




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निसं.)** स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत पालिका अधिशाषी अधिकारी छगनलाल यादव के निर्देशन पर पालिका की स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की तैयारी को लेकर स्वच्छ अभियान चलाया गया जिसमें साफ सफाई, गिले सूखे का पृथक्करण, सिटीजन फीडबैक, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने सहित दुकानों के सामने मुख्य मार्ग पर सामान नहीं रखने तथा दुकानों के सामने डस्टबिन रखने को लेकर समझाइश कर प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों की जब्ती के साथ 8 चालान कर 900 रुपयों का जुर्माना वसूला गया । कार्यवाही के दौरान टीम को हल्के विरोध का सामना भी करना पड़ा । कार्यवाही के दौरान एमआईएस इंजीनियर कृष्ण वाधवानी, स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश कुमार,सौम्या वर्मा,आरती गुर्जर,मधु कुमावत, श्रवण गुर्जर, तनुज शर्मा, विनोद टेलर, तरुण शर्मा, जमादार विनोद कुमार, कालू राम सहित पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजस्थान गौरव रत्न अवार्ड से 51 प्रतिभाएं सम्मानित हुई

### जयपुर के गोपालपुरा बाईपास स्थित होटल सफारी में कार्यक्रम आयोजित




जयपुर टाईम्स

**जयपुर(निस)** जयपुर के गोपालपुरा बाईपास स्थित होटल सफारी में एसआर प्रोडक्शन ओर आईबीसीसी हेल्पिंग हैंड संस्था के बैनर तले राजस्थान गौरव रत्न अवार्ड समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हवा महल विधायक बालमुकुंद आचार्य, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत समाजसेवी पवन गोयल और विशिष्ट अतिथि अनूप सिंह शेखावत रहे। इस कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा अतिथियों का माला व स्मृति चिन्ह देकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में देश- प्रदेश की 51 प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा माला मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक सिंपी रंधावा और डॉ सुनीता ग्रेवाल ने बताया कि देश प्रदेश की ऐसी होनहार प्रतिभाएं जिन्होंने देश प्रदेश का नाम रोशन किया है और देश की सेवा करने के साथ अपने कार्य को लेकर लोगों को जागरूक किया है ऐसी प्रदेश की 51 प्रतिभाओं को राजस्थान गौरव रत्न अवॉर्ड देकर सम्मानित किया है। साथ ही कार्यक्रम का मैनेजमेंट आईबीसीसी हेल्पिंग हैंड के कुलवंत सिंह हुडिल द्वारा किया गया। इस मौक पर सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## गौ प्रतिष्ठा आन्दोलन को समर्थन दिए जाने की मांग

**बिजौलिया(निस)'।** शिवसेना तहसील प्रमुख रामफूल धाकड़ ने शिवसेना(यूबीटी) सुप्रीमो उद्धव ठाकरे को पत्र लिख कर स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती द्वारा गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने हेतु चलाए जा रहे गौ प्रतिष्ठा आन्दोलन को शिवसेना पार्टी द्वारा पूर्ण समर्थन दिए जाने की मांग की गई। पत्र में बताया कि गौरक्षक शहीद स्व. श्री मुरलीधर बोहरा के नाम से बिजौलियां क्षेत्र में पिछले 6 वर्षों से एक गौशाला संचालित कर निराश्रित, बीमार, दुर्घटनाग्रस्त एवं कसाइयों के चंगुल से मुक्त करवाये हुए गौवंश की सेवा व देखभाल की जा रही हैं।

# त्रिनेत्र बालगृह में बालकों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

जयपुर टाइम्स




**सवाई माधोपुर(निसं.)** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा त्रिनेत्र बालगृह सवाई माधोपुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम द्वारा त्रिनेत्र बालगृह में शौचालयों एवं स्नानघर की साफ-सफाई, बालगृह परिसर एवं कमरों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जांच की गई। बालगृह के शौचालय एवं स्नानघर अत्यधिक गन्दे पाये गये एवं एक टॉयलेट जाम पाया गया। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा त्रिनेत्र बालगृह के संचालक हरीश उपाध्याय को शौचालयों एवं स्नानघर की नियमित रूप से साफ-सफाई करवाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही रसोईघर का निरीक्षण कर रसोईघर की साफ-सफाई, बर्तनों की साफ-सफाई, बालकों को प्रदान भोजन, पेयजल की व्यवस्था तथा भण्डार गृह में खाद्य-सामग्रियों की गुणवत्ता के संबंध में जांच की गई। जांच के दौरान बालगृह के रसोईघर में रखे कैसरोल में फफूंदी लगी पाई गई, जिसमें चपातियां रखी पाई गई। साथ ही भण्डार गृह में गन्दगी के कारण बदबू आ रही थी एवं एक्सपायरी दिनांक निकलने के बाद भी भण्डार गृह में रखे पोहों को उपयोग में लिया जा रहा था। साथ ही रसोईघर में रखी दालें भी खराब पाई गई, दालों में कीड़े पाये गये एवं लाल मिर्च के पैकेटों पर पैकेजिंग दिनांक व अंतिम उपयोग की दिनांक भी अंकित नहीं पाई गई। इस संबंध में सचिव समीक्षा गौतम द्वारा खाद्य सुरक्षा टीम को बुलाकर मौके पर ही रसोईघर एवं भण्डार गृह में रखे लगभग 85 किलो खराब पोहों एवं दालों को नष्ट करवाया गया। खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेदप्रकाश पूर्विया, नितेश गौतम एवं अन्य स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# आपातकालीन प्रतिक्रिया व आपदा प्रबंधन के अभ्यास के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**सवाई माधोपुर(निसं.)।** भारत पैट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा मुंबई मंडमाड बिजवासन पाइपलाइन के लिए 1389 किलोमीटर लम्बी भूमिगत पाईपलाइन बिछाई गयी है, जिसके द्वारा राजस्थान के जिलों में पैट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति की जाती है। इस पाइपलाइन पर आपातकालीन प्रतिक्रिया व आपदा प्रबंधन के अभ्यास के लिए सवाई माधोपुर जिले में चैनेज नंबर 1994.730 किलोमीटर पर मोक ड्रिल का आयोजन किया गया। मोक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन, म्यूच्यूअल ऐड मेम्बर गेल, स्वास्थ्य विभाग एवं बीपीसीएल द्वारा तेल के रिसाव को रोकने, घायल कर्मियों को बचाने एवं आग पर काबू पाने का अभ्यास किया गया। मोक ड्रिल मे जिला अग्निशमन टीम, राजकीय अस्पताल एम्ब्युलेन्स टीम ने भी भाग लिया। ड्रिल मे बीपीसीएल के अधिकारियों ने भी अपने सुरक्षा उपकरणो का उपयोग किया। बीपीसीएल पाइपलाइन से कैलाश कूशवाह (हेड पाइपलाइन) ने मॉक ड्रिल का संचालन किया। म्यूच्यूअल ऐड रिस्पांस ग्रुप से गेल कंपनी से सतीश जैन तथा संजय गुप्ता (मुख्य प्रबंधक कोटा) पाइपलाइनों के संचालन और उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। बीपीसीएल की तरफ से राकेश समलोडीया वरिष्ठ, प्रबंधक, सागर सुल (प्रबंधक, मेंटेनेंस), आशीष कुमार, रूपेश पाटील, मेनेजर मैकिनीकल रजनीश कूमार तथा अन्य बीपीसीएल अधिकारियों ने इस ड्रिल में भाग लिया। जिला कलेक्टर एवं एसपी साहब ने प्रेरित किया कि इस तरह के अभ्यास निरंतर किए जाने चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की आपदा से प्रभावी रूप से निबटा जा सके। इस दौरान जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, तहसीलदार विनोद शर्मा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, फायर डिपार्टमेंट , स्वास्थ्य विभाग, म्यूच्यूअल ऐड मेम्बर गेल आदि से बड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# अन्तर-राज्यीय कृषक भ्रमण दल को दिखाई हरी झण्डी

जयपुर टाइम्स




**सवाई माधोपुर(निसं.)।** कृषि विभाग सवाई माधोपुर की आत्मा योजनान्तर्गत सात दिवसीय अन्तर-राज्यीय कृषक भ्रमण दल को कृषि उद्यानिकी एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। अमर सिंह उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा ने बताया कि यह कृषक भ्रमण 04 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा जिसमें 50 किसानों को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं गुजरात के विभिन्न अनुसंधान संस्थान एवं कृषि विश्वविद्यालयों का भ्रमण कराया जावेगा। डॉ. अनुपम गोयल उप परियोजना निदेशक आत्मा ने जानकारी दी कि सवाईमाधोपुर के किसान राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान खण्डवा रोड इन्दौर, जैन इरिगेशन सिस्टम व प्लास्टिक पार्क जलगाँव (महाराष्ट्र), महात्मा फूले कृषि विश्वविद्यालय, राहुरी, पुणे, राष्ट्रीय अंगुर अनुसंधान केन्द्र, पुणे, कृषि विश्वविद्यालय आनन्द, डेयरी अनुसंधान संस्थान, आनन्द आदि संस्थानों पर भ्रमण से नवाचार व उन्नत कृषि तकनीक के गुर सीखेंगे। इस भ्रमण के प्रभारी पिन्टू मीना पहाडी व सहप्रभारी लोकेश मीना रहेंगे। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति मेघा वर्मा, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीना, राजेश अग्रवाल, विनोद चौधरी, रामहरि चौधरी, पूर्व सभापति सुनिल तिलकर, संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार अटल, सहायक निदेशक कृषि खेमराज मीणा, उपनिदेशक उद्यान सीओई लखपतलाल मीना, उपनिदेशक उद्यान हेमराज मीना आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा अवैध एरियल केबल पर की कारवाई, सांगानेर जोन, मालवीय नगर जोन, जगतपुरा जोन में की गई कारवाई

### गैराज शाखा, सतर्कता शाखा, राजस्व प्रथम की टीमों द्वारा की गई कारवाई

जयपुर टाईम्स



**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा मंगलवार को सुबह 09 बजे से जयपुर शहर की स्वच्छता व सुन्दरता एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024] Rajasthan Regional के दृष्टिगत सहकार मार्ग, 22 गोदाम पुलिया से लक्ष्मी मिंदर तिराहा, लक्ष्मी मिंदर तिराहा से गांधी नगर मोड, गांधी नगर मोड से जवाहर कला केन्द्र वाया बजाज नगर केवी स्कूल, जवाहर कला केन्द्र से त्ब् वाया ओटीएस चौराहा, B-2 Bypass JECC सीतापुरा व अन्य मुख्य मार्ग पर जयपुर शहर के सौन्दर्यकरण को देखते हुये नगर निगम ग्रेटर की राजस्व प्रथम की लाइसेंस शाखा मय होर्डिंग शाखा, सांगानेर जोन, जगतपुरा जोन व मालवीय नगर जोन की विद्युत एवं राजस्व, मुख्यालय की गैराज शाखा की टीम एवं सर्तकता शाखा के जाप्ते के साथ संयुक्त अभियान चलाकर विभिन्न टेलीकॉम सेवा प्रदाता कम्पनी एवं अन्य डिजिटल केबल सर्विस प्रोवाइडर द्वारा नगर निगम के विद्युत पोल्स पर लगाई गई अवैध एरियल केबल एवं अवैध क्रॉसिंग को संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चलाकर हटाया गया इसके साथ ही ऐसे स्थानों पर विजिलेंस टीम द्वारा गश्त भी करवाई जायेगी। जिससे अवैध केबल लगने की पुनरावृत्ति ना हो सके। उपायुक्त राजस्व प्रथम अशोक शर्मा ने बताया कि लाईसेन्स शाखा द्वारा भविष्य में भी समय-समय पर विभिन्न कम्पनियों द्वारा बिना अनुमति के लगाये जाने वाली एरियल केबल को हटाने की कार्यवाही के साथ ही संबंधित सेवा प्रदाता कम्पनी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जाती रहेगी।

## राजस्थान योगासन टीम में राजकुमारी का चयन

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड नई दिल्ली के तत्वावधान में चंडीगढ मे 5-8 मार्च तक योगासन खेल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं।अखिल भारतीय सिविल सेवा योगासन खेलकूद प्रतियोगिता में राजस्थान शासन सचिवालय की योगासन टीम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोवर्धनपुरा (बिजौलियां) से राजकुमारी चौधरी का चयन हुआ है ।जो राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।राजकुमारी नेशनल योगासन जज -रेफरी भी है।

## स्व. विश्वास कुमार की स्मृति में 'पत्रकारिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर परिचर्चा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिंकसिटी प्रेस क्लब में मंगलवार को वरिष्ठ पत्रकार स्व. विश्वास कुमार की स्मृति में 'पत्रकारिता में कृत्रिम बुद्धिमत्ता' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकारराजेन्द्र बोड़ा ने की। परिचर्चा में वरिष्ठ पत्रकार नारायण बारेठ ने कहा कि एआई एक विनाशक तकनीक है, जो मानव के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि एआई पत्रकारों से बेहतर काम कर रही है, जिससे अखबारों को नुकसान हो रहा है। उन्होंने एआई के कारण गलत सूचनाओं के प्रसार और निजता के खतरे पर भी चिंता व्यक्त की। डीआईपीआर के उप निदेशक आशीष खंडेलवाल ने कहा कि एआई नौकरियां पैदा कर सकती है और मानव की तुलना में कई गुना तेजी से काम कर सकती है। उन्होंने एआई को क्रांति बताते हुए कहा कि यह डेटा माइनिंग को आसान बना रही है और सोशल मीडिया को भी प्रभावित कर रही है। उन्होंने एआई के लाभों के बारे में बताते हुए कहा की इससे कार्य क्षमता में वृद्धि हो रही है।

**कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अ.) चूरू (राज.)**

क्रमांक - प.1 (24) (01)भू.अ. / 2024/509 दिनांक 24/02/2025

**ई - बोली सूचना संख्या 03 /2024-25**

इस कार्यालय / अधीनस्थ कार्यालयों के लिए फसल कटाई प्रयोग हेतु प्रयुक्त उपकरण (फीता, खूंटी, रस्सी, तराजू, बाट, स्प्रिंग बैलेंस एवं कन्टेनर) की आपूर्ति के लिये जीएसटी पंजीकृत इच्छुक बोलीदाताओं से सील बन्द ऑनलाईन बोली निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 06/03/2025 समय - 2.00 PM तक https://eproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 23.06 लाख है। बोली की अन्य शर्तें / दस्तावेज राज्य http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड लोक उपापन पोर्टल की जा सकती है।
UBN NO. - CCH2425GLOB00020

DIPR/C/3127/2025

प्रभारी अधिकारी
भू-अभिलेख शाखा
कलेक्ट्रेट, चूरू

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in
No:- 3593-3607 Date: 24-02-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for NIT No 49/2024-25 Urgent repairing of 1250 KVA power transformer at Head works Churu under Division Churu with one year defect liability period and NIT No 50/2024-25 Rate Contract for Water Bill Preparation and Distribution Rural and Urban Area Churu at various WSS under PHED Div. Churu are invited form interested bidders upto 06-03-2025 (18:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 49/2024-25 Rs. 05.22Lacs. and Nit no 50/2024-25 Rs 06.00 Lac
UBN No. PHE 2425 WSOB 10451
UBN No. PH3E 2425 WSRC 10452

DIPR/C/2774/2025

**Executive Engineer,
PHED Division Churu**

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़)**

Email- viratnagar.jaipur@yahoo.com Ph. 01422-243929
क्रमांक- न.पा.वि./ 2024-25 / 1961 दिनांक- 25/2/2025

प्रारूप - 10
(नियम 6 (7)
**लोक सूचना**

आवेदनकर्ता श्रीमती तीजा देवी पत्नी रामचन्द्र कुम्हार, निवासी- किले के पास, तहसील विराटनगर (कोटपूतली - बहरोड़) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।
अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नंबर | क्षेत्र | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| कोटपूतली - बहरोड, विराटनगर | विराटनगर | 1395, 5104/ 1396 | 1.00 है. | आवासीय |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन कर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन 25/2/25 को जारी की गई है।

प्राधिकृत अधिकारी
नगरपालिका विराटनगर

**राजस्थान सरकार**
**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**
(जिला परिषद परिसर, चूरू - 331001)

E-mail :- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone 01562-254494
क्रमांक- एफ1()/अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी / लेखा / 2024-25/2604 दिनांक- 21.02.2025

**ई - निविदा सूचना संख्या - 10 / 2024-25**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से एमजेएसए 20 प्रथम चरण के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में एनआरएम मद के अन्तर्गत करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिचिंत क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 03.03.2025 को सायं 06.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http:// sppp. rajasthan. gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है ।
NIB CODE :- WSC2425A0594
UBN NO :- WSC2425WSOB01226

(महेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू

DIPR/C/2626/2025

## ऋषि कुल विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ऋषि कुल विद्यापीठ के लाड़ले विद्यार्थियों ने सीए इंटरमीडिएट का प्रथम ग्रुप उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। सीए इंटरमीडिएट 2025 के जारी परिणाम में श्री ऋषि कुल विद्यापीठ के छात्र अमन शर्मा पुत्र गुंजन शर्मा, छात्रा गुंजन शर्मा पुत्री प्रकाश चंद्र शर्मा, छात्रा निधि वर्मा पुत्री शंकर लाल वर्मा ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर ऋषिकुल विद्यापीठ के अध्यक्ष विकास चूड़ी वाला, सचिव संगीता चूड़ी वाला, प्राचार्या डॉक्टर रेखा शर्मा, विभागाध्यक्ष चांदनी शर्मा, ज्योत्सना पांडे, मांटेसरी विभागाध्यक्ष संजना शर्मा, हिंदी माध्यम विभागाध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ परिजनों व शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## बागड़ी हाउस में 10 मार्च फागोत्सव का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पिछले करीब एक दशक से सैनी भवन के पास स्थित बागडी हाउस में आयोजित होने वाले रंगारंग फागोत्सव का आयोजन इस वर्ष 10 मार्च को रात्रि 8 बजे से आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जाने माने उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी व संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट के चैयरमेन महेश बागड़ी ने बताया कि सेठों की कोठी की शिव ढप मंडल की ओर से शानदार ढप नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें शेखावाटी के लोकप्रिय व सुप्रसिद्ध कलाकारों की ओर से मेहरी के पायल की झंकार, बांसुरी की मधुर आवाज़, ढप की थाप व फागणिया धमाल का रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर शेखावाटी के सुप्रसिद्ध लोककलाकार मनोज पाण्डेय व मनीष नाई सहित स्थानीय कलाकारों की भी विशेष प्रस्तुति होगी।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों की कला देखने के साथ लुफ्त उठाया जाएगा। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, उधोगपति, व्यापारी, अधिकारी, कर्मचारी व प्रबुद्धजन मौजूद रहेंगे।

## शुभम देवड़ा सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप उत्तीर्ण करने में सफल



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा कस्बे के निवासी शुभम कुमार देवड़ा ने सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप उत्तीर्ण करने में सफलता हासिल की है। सीए इंटरमीडिएट 2025 के जारी किए गए परिणाम में मंडावा के व्यवसायी दिनेश देवड़ा, सुनिता देवड़ा के पुत्र शुभम कुमार देवड़ा ने सीए इंटरमीडिएट के दोनों ग्रुप की परीक्षा एक साथ उत्तीर्ण करने पर शुभचिंतकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण दल रवाना



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** कृषि विभाग की आत्मा योजनान्तर्गत जिले के विभिन्न गांवो के 40 कृषकों के प्रशिक्षण दल को सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के लिए राज्य के बाहर भेजा गया है। यह दल मंगलवार को यहां से रवाना हुआ, जिसे संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) डॉ. राजेन्द्र सिंह लाम्बा व सहायक निदेशक कृषि (वि.) सविता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप निदेशक कृषि व पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण ( 4 से 10 मार्च 2025 तक) राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (हरियाणा) में आयोजित किया जाएगा जिसमें कृषकों को वैज्ञानिक विधि से पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा और संस्थान के आस-पास के अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण भी करवाया जाएगा। प्रशिक्षण दल की रवानगी के समय कृषि अधिकारी प्रवीण कुमार, नरेन्द्र कुमार, रवि रेपस्वाल व विजय ढाका, जयचन्द भड़िया, कृषि पर्यवेक्षक संत कुमार, तपेश कुमार, ईमरान खान आदि मौजूद रहे। उप परियोजना निदेशक आत्मा प्रमोद कुमार व सहायक कृषि अधिकारी विकास कुमार प्रशिक्षण दल के प्रभारी अधिकारी, प्रशिक्षण के दौरान कृषकों के साथ रहेंगे।

## होली व धुलंडी को लेकर शांति समिति की बैठक कल

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिले में 13 मार्च को होली व 14 मार्च को धुलण्डी का पर्व मनाया जाएगा। अति. जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार आर्य ने बताया कि उक्त पर्व पर कानून व शांति व्यवस्था के सम्बन्ध में 6 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित होगी। गौरतलब है कि पहले यह बैठक 5 मार्च को आयोजित होनी थी।

## फर्नीचर कारोबारी की गुमशुदगी पर व्यापारी वर्ग में आक्रोश, हाईवे जाम कर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** डाबला के फर्नीचर व्यापारी सुनील कुमार की गुमशुदगी के तीसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका है। इस पर आक्रोशित व्यापारियों ने मंगलवार को डाबला में बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया और स्टेट हाईवे 37 को जाम कर दिया। पत्थर और झाड़ियां डालकर सड़क पर बैठ गए व्यापारियों ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। करीब डेढ़ घंटे तक वाहन चालक जाम में फंसे रहे। प्रशासन के आश्वासन के बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त कर जाम खोल दिया। घटना के तीन दिन बाद भी सुनील कुमार का कोई पता नहीं चल सका है। इस पर व्यापारियों ने मंगलवार सुबह से ही दुकानें बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया और बाद में सड़क पर धरना दिया। जब पुलिस-प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया, तो व्यापारियों ने दोपहर 12 बजे स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। नीम का थाना नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से समझाइश की, लेकिन वे एसपी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद तहसीलदार मौके से चले गए और लापता व्यापारी की पत्नी सरिता ने हेड कांस्टेबल ब्रह्मप्रकाश के माध्यम से एसडीएम राजवीर सिंह से बात कराई। हेड कांस्टेबल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो दिन का समय मांगा। इस पर व्यापारियों ने अल्टीमेटम दिया कि अगर दो दिन में कोई सुराग नहीं मिला तो वे अनिश्चितकालीन धरना देंगे। बता दें कि सुनील कुमार 1 मार्च को सुबह 11 बजे जयपुर गए थे सामान खरीदने के लिए। उन्होंने अपनी पत्नी से रात



9.30 बजे आखिरी बार बात की थी और बताया था कि वह देर हो जाने पर किसी होटल में रुकेंगे और सुबह घर वापस लौट आएंगे। लेकिन अगले दिन वह घर नहीं लौटे, और उनका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने डाबला थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच में हेड कॉन्स्टेबल ब्रह्मप्रकाश के अनुसार, सुनील का मोबाइल आखिरी बार जयपुर के सोडाला इलाके में लोकेट हुआ था। हालांकि, इस क्षेत्र में पूछताछ और जांच के बावजूद कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों ने खुद भी जयपुर के बड़े अस्पतालों, होटलों और टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, लेकिन सुनील की कार कहीं भी नजर नहीं आई। पुलिस ने अब सीडीआर रिपोर्ट मंगवाई है और उसके आधार पर आगे की जांच की जाएगी। व्यापारी वर्ग की नाराजगी और उग्र प्रदर्शन से यह साफ हो गया है कि वे जल्द ही अपने साथी व्यापारी के बारे में कोई ठोस जानकारी चाहते हैं और पुलिस प्रशासन से उम्मीद लगाए हुए हैं कि मामले की शीघ्र और सही जांच की जाएगी।

## पशु चिकित्सक व सहायक पद रिक्त, पशुपालकों की बढ़ी परेशानी



जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत छाजा की नांगल में लाखों रुपये की लागत से बने पशु चिकित्सालय भवन में पिछले तीन महीनों से चिकित्सक व पशुधन सहायक की नियुक्ति नहीं की गई है, जिससे पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 2022 में बना था पशु चिकित्सालय

पशुपालकों की समस्याओं को देखते हुए 2022 में विधायक सुरेश मोदी के प्रयासों से पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण हुआ था। इस निर्माण के लिए ग्रामवासी दिनेश यादव पुत्र अर्जुन राम ने अपनी भूमि दान में दी थी। पशु चिकित्सालय के उद्घाटन के बाद दर्जनों गांवों के पशुपालकों को लाभ हुआ था, लेकिन हाल ही में सरकार बदलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से पशु चिकित्सक व पशुधन सहायक का स्थानांतरण करवा दिया गया।

### पशुपालकों को उठानी पड़ रही हैं कठिनाइयाँ

अब स्थिति यह है कि तीन महीने से दोनों पद रिक्त पड़े हैं, जिसके कारण पशुपालकों को दूर-दराज के अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। पशुओं की बीमारियों के दौरान उचित इलाज न मिलने से किसान चिंतित और परेशान हैं। इस मुद्दे पर दिनेश यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से जल्द चिकित्सक व पशुधन सहायक की नियुक्ति करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय के खुलने से ग्रामीणों को बहुत राहत मिली थी, लेकिन अब स्टाफ की कमी के कारण पशुपालक मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

### ग्रामीणों की गुहार– जल्द हो नियुक्ति

ग्रामवासियों ने भी सरकार से आग्रह किया है कि चिकित्सालय को शीघ्र चालू करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें और पशुधन को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो।

### चोरी के प्रयास में दो गिरफ्तार

## चौकी प्रभारी की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में खौफ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** लक्ष्मणगढ़ थाना शहर चौकी प्रभारी रामदेव सिंह मावलिया की अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। जानकारी के अनुसार बीती रात गश्त के दौरान शहर चौकी प्रभारी रामदेव सिंह मावलिया ने एक मोटरसाइकिल व बिना नंबर की एक पिकअप गाड़ी को धारा 207 एमबी एक्ट में जप्त किया और पिकअप गाड़ी का चालक जो कि चोरी का प्रयास कर रहा था उसे धारा 170 बी एन एस में गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला लुहारान, रामलीला मैदान के पास बहादुर पुत्र छोटू राम, उम्र 35 वर्ष लोहार निवासी घस्सू हाल निवासी रीनू, पुलिस थाना बलारा को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार बहादुर लोहार बकरा चोरी करने का प्रयास कर रहा था। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों हुई चोरी की वारदात के बाद से रामदेव सिंह मावलिया की ओर से अपराध के विरुद्ध लगातार कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है जिसके चलते शहर में अपराधियों में खौफ का माहौल है।

## संभाग स्तरीय आउटरीच और जागरूकता कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से मंगलवार को संभाग स्तरीय आउटरीच और जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर), रोबोटिक्स और कोडिंग इको सिस्टम पर स्टार्टअप्स और शिक्षाविदों ने अपने विचार साझा किए। राजकीय डूंगर कॉलेज के प्रताप सभागार सेमिनार हॉल में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार पुरोहित मुख्य अतिथि रहे। शिक्षा जगत और स्टार्टअप से 150 से अधिक लोगों की भागीदारी के साथ कार्यशाला में एवीजीसी -एक्सआर करियर के अवसरों, उद्यमशीलता और सरकारी पहलों पर व्यावहारिक चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने आई स्टार्ट और आई स्टार्ट स्कूल कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण दिया। एआईएसए टीम के नेतृत्व में एवीजीसी-एक्सआर, रोबोटिक्स और कोडिंग अवसरों पर सत्र आयोजित किया गया। एमएएसी जयपुर के क्रिएटिव डायरेक्टर अनुराग शर्मा ने एवीजीसी -एक्सआर सेक्टर में करियर की संभावनाओं के बारे में बताया। द इनफिनिट्स के सह-संस्थापक भाव्या प्रशांत ने करियर के रूप में गेम डेवलपमेंट की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त मेटाडोम एआई के भास्कर सिंघानिया ने 'ब्रेकिंग द स्टार्टअप फ्रॉम ज़ीरो टू एक्ज़ीक्यूशन विद द राइट माइंडसेट, प्लेबुक एंड एआई टूलकिट' विषय पर सत्र लिया। कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग अतिरिक्त निदेशक तपन कुमार, अतिरिक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह राठौड़, उप निदेशक गौरव भाटिया, गगन भाटिया के साथ कार्यक्रम प्रबंधक (आई स्टार्ट राजस्थान) अमित पुरोहित और मेंटर्स अभिषेक पटोदिया, तुषार बापना, वार्तिका, उत्कर्षा, जयवीर सिंह शेखावत और जोया चौहान ने विभिन्न जानकारी दी।

## आपसी कहासुनी के बाद छोटे भाई की हत्या

**टोडाभीम(निस)** आपसी कहासुनी के बाद बड़े भाई ने धारदार हथियार से हमला कर छोटे भाई की हत्या कर दी। आरोपियों ने गर्भवती बहू को भी नहीं बख्शा, चाकू के वार से बेटा भी बुरी तरह घायल हो गया। वारदात में घर का आंगन खून से लाल हो गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। यह घटना टोडाभीम (करौली) के करीरी गांव में सोमवार रात करीब 8 बजे हुई। टोडाभीम स॥हृ कैलाश चंद मीणा ने बताया कि करीरी गांव में भैरव माता मंदिर के पास घटना हुई। विजय (56) के घर में घुसकर उसके बड़े भाई कल्लू (60) और उसके परिवार ने हमला कर दिया। धारदार हथियारों से किए गए हमले और मारपीट में विजय (56) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह लहूलुहान हालत में बेसुध परिवार के सामने तड़पता रहा। आरोपियों ने 6 महीने की गर्भवती बहू अनिता (25) पर भी जानलेवा हमला किया, जिससे बचने के प्रयास में उसका होंठ कट गया। वहीं, विजय के बेटे ऋषिकेश (27) को गंभीर चोटें आईं।

## स्वयंसिद्धा आश्रम' संचालन के प्रस्ताव आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत संभाग स्तर पर वृद्ध व असहाय व्यक्तियों की देखभाल, संरक्षण व पुनर्वास के लिए पचास-पचास क्षमता के 'स्वयंसिद्धा आश्रम' स्थापित किए जाएंगे। सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पवार ने बताया कि वृद्ध व असहाय व्यक्तियों की देखभाल, संरक्षण व पुनर्वास के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालन करने के लिए स्वयंसिद्ध आश्रम संचालन दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके लिए इस क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित व आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ पंजीकृत इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाओं अथवा ट्रस्टों के साथ 'अभिरूचि की अभिव्यक्ति' जारी कर 13 मार्च 2025 तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र, पात्रता व शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक स्वयंसेवी संस्था अथवा ट्रस्ट अपना आवेदन पत्र जिला कार्यालय में प्रेषित कर सकेंगे।

## श्री राजराजेश्वरी माताजी का 174 वा पाटोत्सव मनाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** चारदीवारी क्षेत्र में भिंडो के रास्ते चांदपोल बाजार स्थित सिद्ध पीठ श्री राजराजेश्वरी माता जी के मंदिर का 174 वा पाटोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। हर वर्ष की भांति सेवायत स्वर्गीय रवि शंकर शर्मा के परिजनों द्वारा माताजी का 201 किलो दुग्ध से अभिषेक व आरती के बाद संतो की पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। सायंकाल में महिला मंडल द्वारा एवं श्री राजस्थान युवा चंग मण्डल द्वारा फाग उत्सव मना कर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया ।

## भार वाहन का बकाया कर राशि जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 मार्च

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला परिवहन अधिकारी डॉ. मक्खन लाल जांगिड़ ने बताया कि विभाग की ओर से 10 जुलाई 2024 को अधिसूचना जारी कर भार वाहनों के मोटर वाहन कर की दरों में परिवर्तन किया गया था। उक्त परिवर्तन के उपरान्त राज्य में 16500 कि.ग्रा. से उपर के जीवीडब्लू वाले समस्त भार वाहनों पर 10 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अंतर की कर राशि राजकोष में जमा करवाई जानी है। भार वाहन स्वामी बकाया कर राशि तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 की कर राशि 15 मार्च तक आवश्यक रूप से जमा करवाना सुनिश्चित करें। वाहन कर जमा नहीं करवाए जाने पर नियमानुसार जुर्माना राशि आरोपित की जाएगी।

## बाजीसर से मंडावा सड़क बनाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** गांव बाजीसर से मंडावा नई सड़क बनाने के लिए मंडावा विधानसभा क्षेत्र के दो नेताओं ने ज्ञापन दिए हैं। इनमें पूर्व प्रधान व झुंझुनूं जिला उपाध्यक्ष भाजपा से सुशीला सीगडा़ ने कलेक्टर, मंत्री, पीडब्ल्यूडी का अधिकारियों को ज्ञापन दिए और जल्द से जल्द नई सड़क बनाने के लिए कहा। दूसरे नेता मोजास सरपंच मुकेश झांझडिया ने भी नई सड़क बनाने के लिए पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार को ज्ञापन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता अमित मीणा ने बताया कि जल्द से जल्द नई सड़क बनकर तैयार होगी। नई सड़क बनाने के लिए जो संघर्ष युवा टीम कर रही है, वह काबिले तारीफ है।

## श्रीराम व हनुमत कथा जारी



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे का प्राचीन मंदिर मेहन्दीपुर बालाजी में श्रीराम कथा व हनुमत कथा में पांचवें दिन पुजारी राजूराम के सानिध्य में विष्णु स्वामी ने सपत्नीक व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान अनन्त श्री विभूषित श्रीमद दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कथा के पांचवें दिन राम विवाह का सप्रसंग व्याख्यान किया। साथ ही भक्त प्रहलाद की कथा और भगवान राम के विवाह हुआ की कथा सुनाई। राम की बारात सेठ चोरूलाल फोगला की हवेली से मेहंदीपुर बालाजी मंदिर प्रांगण कथा स्थल पहुंची। कथा में राजूराम पुजारी, बद्रीप्रसाद पारीक, विष्णु फोगला, चोरुलाल फोगला, दीनदयाल स्वामी, गोविन्द पारीक, सत्यनारायण फोगला, एडवोकेट रोहित मारु, जयकिशन सोनी, राजेश स्वामी, कालूराम जाट, निर्मल भाटी, दिलीप पारीक, राहुल स्वामी, चादरतन नाई, लालचंद नाई, धमेंद्र जाट आदि मौजूद रहे।

## ग्राम विकास गतिविधि की एक दिवसीय कृषि प्रबोधन कार्यशाला आयोजित

### भूमि पूजनः स्वहित, परहित एवं राष्ट्रहित में पुनर्स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ग्राम विकास गतिविधि के अंतर्गत जयपुर प्रांत में एक दिवसीय कृषि प्रबोधन कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को सेवा सदन सभागार में किया गया। अक्षय कृषि परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में "भूमि सुपोषण एवं संरक्षण–एक जन अभियान" विषय पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला में जयपुर प्रांत के संबंधित कार्यकर्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर वर्ष 2018 में हैदराबाद में भूमि विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की संस्तुतियों से भी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। अक्षय परिवार के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. गजानन डांगे ने अक्षय तृतीया से एक माह




चलने वाले "भूमि पूजन कार्यक्रम" की जानकारी देते हुए कहा कि भूमि माता को जहर मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक गांव में भूमि सुपोषण कार्य आवश्यक है। उन्होंने देसी बीजों के संरक्षण और तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा कि भारत को पुनः तेल का निर्यातक देश बनाने के लिए गांवों में लघु इकाइयां स्थापित करनी होंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में 33 सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं ने मिलकर भूमि सुपोषण एवं संरक्षण हेतु जन-जागरण अभियान चलाया, जिससे यह अभियान आज 35 हजार स्थानों और पाँच लाख व्यक्तियों तक पहुँच चुका है। उन्होंने आग्रह किया कि भूमि पूजन का कार्यक्रम प्रत्येक गांव और घर में प्रतिवर्ष मनाया जाए। आज कृषि योग्य भूमि की उर्वरता घट रही है, जिसके कारण इसका नियमित सुपोषण अत्यंत आवश्यक हो गया है। भूमि को भारतीय संस्कृति में पृथ्वी, धरा, वसुधा, वसुंधरा, भूदेवी, रत्नगर्भा जैसे नामों से सम्मानित किया जाता है। अथर्ववेद में भूमि को माता और मनुष्य को उसकी संतान बताया गया है, जिससे भूमि संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। भूमि पूजन की पवित्र परंपरा को पुनर्स्थापित करने हेतु चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को एक सर्वमान्य अवसर मानते हुए, इस दिन को हर वर्ष भूमि पूजन दिवस के रूप में मनाने की अपील की गई।

### खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत अप्रैल माह का गेहूं आवंटित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अप्रैल माह के लिए जिले को 62 हजार 029.17 क्विंटल गेहूं का आंवटन किया गया है। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने भारतीय खाद्य निगम बीकानेर से गेहूं का सम्पूर्ण उठाव मार्च माह में सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। गेहूं का वितरण अन्त्योदय, बीपीएल, स्टेट बीपीएल, पीएचएच श्रेणी के राशनकार्डधारियों को निःशुल्क किया जाएगा। योजनान्तर्गत अन्त्योदय परिवारों को 35 किग्रा गेहूं प्रति राशन कार्ड और बीपीएल, स्टेट बीपीएल, पीएचएच अन्य श्रेणी के राशन कार्डधारियों को 5 किग्रा प्रति व्यक्ति निःशुल्क वितरित किया जाएगा।

**Directorate General Prisons, Rajasthan Jaipur**

Dispatch No. 7.2(4)/47/2024-25/58245-48 Date 04.03.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Hi-Speed Sewing Machine (NIB-JLD24250097) are Invited from interested bidders upto 11.00 am on 10.03.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp.raj.nic.in) of the state; and http:// www. home. rajasthan.gov.in departmental website. appro&imate value of the procurement is Rs. (in lacs) 9.99 respectively.
UBN: JLD2425GSOB00145

**Superintendent**
**Director General of Prisons**
**Rajasthan Jaipur**

## पराक्रम राठौड़ के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने की गौसेवा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी चूरू जिला उपाध्यक्ष, यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व चूरू जिला क्रिकेट संघ के जिलाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर कार्यकर्ताओं ने नाथो तालाब स्थित गोपाल गौशाला में गौ माता को गुड़ खिलाया और राठौड़ के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह परावा, सुनील शर्मा भीमसर, मुरली स्वामी, मदन प्रजापत, गोविंद प्रजापत, नवरंग सिंह, गोविंद शर्मा, भरत मोयल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने गौसेवा की।

## हादसे में दो घायल, जयपुर रैफर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सालासर रोड पर पशुधन आ जाने स स्कूटी स्लिप हो गयी, जिससे दो लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बूलेंस और राहगीर अनिल जाट ने सुजानगढ़ अस्पताल पहुंचाया जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया। घायलों में सुभाष शर्मा, वार्ड 35 सुजानगढ़ व श्रीराम शर्मा, निवासी जसवंतगढ़ के नाम शामिल हैं। डॉ रामरतन बिस्सू व चिकित्साकर्मियों की टीम ने दोनों का उपचार किया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बार जयपुर रैफर कर दिया गया है।

## पराक्रम राठौड़ के जन्म दिन पर गायों को गुड़ खिलाकर राकेश दी बधाई



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)** तारानगर के भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में यूथ हॉस्टल एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पराक्रमसिँह राठौड़ का जन्म दिवस गोपाल गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक दूसरे को राठौड़ के जन्म दिवस की बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मोके पर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, पार्षद हरी इंदौरिया, विशाल शर्मा, जमरदीन तेली, मोहम्मद तैयब, गुलाब सोलंकी, नरेश झाझड़िया, चुन्नीलाल सैनी, शिव कुमार शर्मा, वासुदेव शर्मा सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## गीदड़ नृत्य को लेकर बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** होली पर्व को लेकर क़स्बे में होने वाला रैंक परम्परागत नृत्य गीदड़ नृत्य को लेकर लोक नृत्य व गिंदड़ परिषद मैन बाजार में सर्व समाज की बैठक मंगलवार को शांति पुस्तकालय में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से भंवरलाल गोला को अध्यक्ष नियुक्त किया। जिसके बाद अध्यक्ष ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए कुलदीप स्वामी और मनोज मारू को उपाध्यक्ष, सचिव गोपाल मारू, कोषाध्यक्ष मूलचन्द सोनी, नन्दलाल लिलडिया, मिडिया प्रभारी जयप्रकाश सोनी, गोपाल सोनी, विनोद भाटिया, धनपत छगनी को नियुक्त किया। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष गोपाल मारू, उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश, घिटाला, गोपाल शर्मा, पवन झेण्डु,दिन दयाल स्वामी, रोहित मारू, विनोद पारीक सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नोहरे में आग लगने से अफरा तफरी

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 9 में स्थित एक नोहरे में रखी लकड़ियों में सोमवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। आग की ऊंची लपटे देख मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और अफरा -तफरी मच गई। पार्षद मनोज सोनी की सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पार्षद ने बताया कि राजकीय बाजोरिया स्कूल के सामने स्थित दुकानों के पीछे एक खाली नोहरा है, जिसमें सूखी लकड़ियां रखी हुई थी। सोमवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने लकड़ियों में आग लगा दी और देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटे उठने लगी। सूचना पर पालिका की दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गनीमत यह रही कि घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

# जमीन को लेकर दो पक्षों में विवाद, शांतिभंग में चार गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सदर थानान्तर्गत गांव बाघसरा आथूणा में दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद हो गया। बाद में सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के 2-2 लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। हालांकि एक पक्ष की ओर से बार-बार थाने के चक्कर लगाने के बाद भी पुलिस पर मुकदमा दर्ज नहीं करने के आरोप लगाए गए। गांव के ही जेठूसिंह ने बताया कि सदर पुलिस की ओर से मामला दर्ज नहीं करने के कारण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पास पीड़ित परिवार ने सुबह-सुबह गुहार लगाई, जिस पर उन्होंने कहा कि मैंने फोन कर दिया है, आप थाने जाओ, आपका मामला दर्ज हो जाएगा। बाद में थाने जाने पर फिर से मामला दर्ज नहीं हुआ, उल्टा पीड़िता के नाना और एक व्यक्ति को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद जेठूसिंह के साथ पीड़ित नाबालिग किशोरी उप उप पुलिस अधीक्षक के समक्ष भी उपस्थित हुई। वहीं शाम को दोनों पक्षों की रिपोर्ट सदर थाना पुलिस ने प्राप्त की और दोनों पक्षों के मुकदमे दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस मामले में सदर थाने के सब इंस्पेक्टर गोपालसिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि पूरा मामला सड़क की साईड की जमीन हिस्सा पांति में हासिल करने का विवाद है और इसी को लेकर एक ही परिवार से सम्बंधित दो पक्षों के बीच में झगड़ा हुआ। वहीं पुलिस को दी गई रिपोर्ट में 17 साल की दलित किशोरी ने बताया है कि मैं व मेरे, भाई बहन आदि अपने नाना के खरीदशुदा जमीन पर बने डेरे पर रात में सो रहे थे। जेसीबी, ट्रेक्टर, पिकअप आदि लिए हुए 40-50 लोग आए और जोर जोर से गालियां निकालने लगे, उन्होंने कहा कि इस जमीन पर हम लोगों को कब्जा करना है। ऐसा कहते हुए मेरे नाना को जातिसूचक गालियां निकाली, बर्तन आदि फोड़ दिए और दो आरोपी मुझे नीचे पकटककर मेरे उपर बैठ गए। मैंने शोरगुल किया और पास ही स्थित कांटे की तरफ भागकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने हमारी गाड़ी को जेसीबी की बोकेट में डालकर दूर फेंक दिया। इस मामले में थानाराम, मुकेश, भंवरलाल, धर्माराम, प्रहलाद, ओमाराम, दूलीचंद, मांगूसिंह, गोमती, राधा, निरमा, रूखमा, बिरजू, गोपालराम आदि को आरोपी बनाया गया है। दूसरी ओर इसी मामले के परस्पर रिपोर्ट देकर पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया है कि आरोपी उम्मेदसिंह, गोविदसिंह, लालसिंह, लिछमण, लिछमणसिंह, जेठूसिंह आदि ने हमारे साथ मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि हमारे पास आई नागौर जिले की एक दलित महिला के साथ भी आरोपियों ने जातिसूचक गालियां निकालते हुए अभद्र व्यवहार किया और धर्मकांटे के पास खड़ी बाईक को तोड़ दिया। इस बारे में सदर थाने के सब इंस्पेक्टर गोपालसिंह ने बताया कि पुलिस दोनों पक्षों के मामले दर्ज कर अनुसंधान कर रही है।

## पत्रकार किशोरदास स्वामी भारत भूमि नमन यात्रा पर रवाना, 30 हजार किमी करेंगें यात्रा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज की प्रेरणा से पत्रकार किशोर दास स्वामी भारत भूमि नमन यात्रा पर रवाना हुए हैं। यात्रा के माध्यम से राष्ट्र व सनातन की मजबूती के लिए सांगलिया धूणी का संदेश सामाजिक समानता, समरसता, सद्भावना व शिक्षा के संदेश को अब पूरे भारत में फैलाया जाएगा। किशोर दास स्वामी ने सुजलांचल की हृदयस्थली सिद्धपीठ पाबोलाव धाम में बालाजी महाराज की पूजा अर्चना के साथ यात्रा की शुरुआत की। पाबोलाव धाम पीठाधीश्वर स्वामी कमलेश्वर भारती ने किशोर दास स्वामी को पूजा अर्चना करवा कर यात्रा के लिए रवाना किया। सांगलिया पीठाधीश्वर ओम दास महाराज के पावन संदेश को लेकर ही किशोर दास स्वामी पूरे भारत की लगभग 30 हजार किलोमीटर की 108 दिनों की यात्रा करेंगे। यात्रा के दौरान स्वामी सुजलांचल व शेखावाटी क्षेत्र के पूरे भारत में रह रहे प्रवासी लोगों से मिलकर मातृभूमि से जुड़े रहने तथा प्रवासी नागरिकों का भविष्य में बड़ा सम्मेलन करने की अपील करेंगे। सुजानगढ़ व पाबोलाव धाम में अनेकों लोगों ने भारत भूमि नमन यात्रा के लिए रवाना हुए किशोर दास स्वामी व सुशील कुमार प्रजापत को यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान अशोक कुमार जाखड़ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## कार पलटने से युवक की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** गत रात्रि को ठरड़ा बाईपास पर बोबासर पुलिया की ओर आते वक्त नील गाय के अचानक आ जाने से कार पलट गई और उसमें सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको सीकर ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बिसाऊ निवासी 3-4 लोग अपने रिश्तेदार की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने लाडनूं जा रहे थे, कि रास्ते में ये हादसा हो गया। जिसमें रामेश्वर लाल सैनी (63) पुत्र परसाराम सैनी, निवासी बिसाऊ, जिला झुंझुनू गंभीर घायल हो गए। घायल को गंभीर अवस्था में रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी उसकी मौत हो गई। कोतवाली थाने के एएसआई तेजाराम ने परिजनों की लिखित रिपोर्ट पर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक रामेश्वर लाल सेवानिवृत सरकारी कर्मचारी थे।

## जीके मॉल में निःशुल्क आरकेसीएल कंप्यूटर कोर्स का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण व कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत निःशुल्क आरकेसीएल कंप्यूटर कोर्स महिला बैच का शुभारंभ स्थानीय जीके मॉल स्थित राहुल इंफोटेक में मंगलवार को समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपुल यूनिटी संस्थान के अध्यक्ष रघुनाथ खेमका रहे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि सेराजेम निदेशक मंजू, इंजीनियर सुरेश शर्मा, सरिता राठौड़ व दयाराम रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रघुनाथ खेमका ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में कंप्यूटर की महती आवश्यकता है। इस अवसर पर मंजू ने आधुनिक युग में कंप्यूटर के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के महमूद खान मोयल ने बताया कि इस कोर्स के लिए 10 वीं पास होना आवश्यक है और प्रशिक्षण के पश्चात छात्राओं को विएमओयु कोटा यूनिवर्सिटी की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महिमा शर्मा, कविता जांगिड़, भावना सैनी, विद्या प्रजापत, प्रिया शर्मा, कोमल प्रजापत, यास्मीन, मुस्कान, आंचल सैनी, सीमा सैनी, नित्या ओझा, सुमन प्रजापत, कविता, प्रियंका सैनी, परी भालेरी वाला, दिव्या शर्मा, तनिष्क वर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

## कच्छावा दिल्ली में करेंगें काव्य पाठ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष और रचनाकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा 5 मार्च को दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के सांस्कृतिक उत्सव शब्दपाखी-2025 में कविता पाठ करेंगे। इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर ऑफ आर्ट्स के सहयोग से आयोजित इस कवि सम्मेलन में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा के साथ देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार, शिक्षाविद् प्रोफेसर जसवीर त्यागी, प्रोफेसर अनामिका, डॉ. दीपक जैसवाल, मुकुल कुमार और पंकज कुमार सिंह भी कविता पाठ करेंगे।

## संस्कार केंद्र का निरीक्षण व शिक्षण सामग्री वितरण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर की ओर से संचालित संत रविदास सरस्वती संस्कार केंद्र पर सूरज पब्लिक स्कूल के संस्था प्रधान अजहरुद्दीन व विद्यालय के समस्त स्टाफ और सूरज पब्लिक स्कूल कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने अपने जेब से मिलने वाले जेब खर्च को बचाकर उन पैसों से कुछ शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई। जिसके लिए सभी बच्चे प्रशंसा के पात्र है। संस्कार केंद्र पर 2 दरी 1 सफेद श्यामपट्ट शिक्षण सामग्री दी गई। संस्कार केंद्र के सभी भैया बहिनों को अल्पाहार करवाया। सूरज पब्लिक स्कूल के संस्था प्रधान अजहरुद्दीन की ओर से आगामी माह में संस्कार केंद्र पर टिन सेट लगवाने की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में सूरज पब्लिक विद्यालय के शिक्षक आनंद शर्मा, शरद भागचंदानी, हंसराज जाट, पूनम कुमारी, विद्यालय के भैया बहिन, आदर्श विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत, शीशु वाटिका प्रभारी रामचंद्र स्वामी, बस्ती अभिभावक कुमाराम, संस्कार केंद्र चालक राकेश कुमार नायक आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शरद भागचंदानी की ओर से केंद्र के सभी भैया बहिनों को संस्कार केंद्र पर नियमित आने का आग्रह किया। संस्कार केंद्र के भैया बहिनों के साथ विद्यालय के भैया बहिनों ने संस्कार केंद्र की प्रार्थना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां में सहभागिता दिखाई। संस्कार केंद्र के भैया बहिनों के साथ अल्पाहार किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया। ऐसे पुनीत कार्य के लिए विद्यालय परिवार की ओर से आप सभी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया गया।

## विद्यार्थियों को दी सीवरेज परियोजना की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय बंशीधर जालान उच्च माध्यमिक स्कूल में मंगलवार को सीवरेज परियोजना की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। आरयूआईडपी के अधिशाषी अभियंता आरडी गर्ग के निर्देशन में जनसहभागिता इकाई के प्रवीणसिंह राठौड़ ने सीवरेज परियोजना के संबंध में बताते हुए कहा कि स्नानघर व रसोई के पाइप शौचालय सीवरेज लाइन से जुड़ने के बाद परियोजना कार्य पूर्ण होगा, जिससे हमारे शहर में स्वच्छता के सकारात्मक बदलाव होंगे। कविता स्वामी ने परियोजना के लाभ बताते हुए विद्यार्थियों को व्यक्ति स्वच्छता, घरेलू साफ-सफाई की जानकारी दी। वाईस प्रिंसीपल कमल कुमार ने आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अध्यापिका संतोष कवंर, उर्मिलादेवी, पारूल गुप्ता, अलका ओझा सहित कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक कन्हैयालाल ने किया।

## पशु चिकित्सा संघ ने समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** पशु चिकित्सा संघ जिला शाखा के तत्वावधान में मुख्यमंत्री व मुख्य शासन सचिव राजस्थान सरकार के नाम चूरू एसडीएम बिजेंद्रसिंह के माध्यम से मंगलवार को ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया है। संघ के जिलाध्यक्ष डॉ हुणताराम मीणा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना अंतर्गत आवश्यक संसाधन व स्पेशल परियोजना भत्ता दिलवाने व वेटेनरी प्रेक्टिस फीस में बढ़ोत्तरी करने की मांग की है। ज्ञापन में मांग की है कि मंगला पशु बीमा योजना के व्यापक स्वरूप को देखते हुए 10 हजार रुपए प्रतिमाह प्रति पशु चिकित्सक, स्पेशल परियोजना भत्ता स्वीकृत करने सहित कई मांगों का उल्लेख किया है। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी के महासचिव डॉ बीआर बायल, डॉ सुनील मेहरा, डॉ विश्वजीतसिंह राठौड़, डॉ मनोज सहारण, डॉ इम्तियाज खान, डॉ मोहरसिंह मीणा, डॉ नीतू ढाका, डॉ मोनिका शेखावत, डॉ अंबिका चौधरी, डॉ जयप्रकाश खीचड़, डॉ सुनील तमोली सहित कई चिकित्सक उपस्थित रहे।

## होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम 14 मार्च को

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** ढ़ांढ़ंण वाली दादीजी का टाबरिया परिवार की ओर से होने वाले होली के रंग दादीजी के संग कार्यक्रम 14 मार्च को स्थानीय सत्संग भवन में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति के संजय बजाज ने बताया कि प्रतिवर्ष होने वाले इस होली उत्सव व भजन संध्या में सूरत की वर्षा सोनी, फतेहपुर की कृष्णा किशोरी व्यास, चूरू के हिमांशु चोटिया, मेहुल शर्मा व आशीष डीडवानिया अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत, चुनरी उत्सव, गजरा उत्सव व कोलकाता के कलाकारों की ओर से दादी का अलौकिक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 मार्च को सांय 5 बजे मां ढ़ांढ़ंण वाली की दिव्य ज्योत प्रज्वलित कर किया जाएगा।

## श्याम के जयकारों से गूंजा अलौकिक दरबार

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री राम मंदिर के पास खंडेलवाल भवन में बाबा श्याम की ज्योत के साथ ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। श्याम भक्तों ने बाबा का अलौकिक दरबार सजाया और रोशनी और फूलों से भव्य बाबा का श्रृंगार किया गया। पं भरत मिश्र ने ज्योत लेकर कीर्तन का शुभारंभ किया। आदर्श भक्त मंडल ने मधुर वाणी में भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने बाबा के दरबार में हाजरी लगाकर फूलों की होली खेलकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कीर्तन में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पं सत्यनारायण बोचीवाल, गिरीश लाटा, पवन रोडा, ललित पारीक, सुशील सारण, चैनरुप भाटी, ललित लखोटिया, गिरधारीलाल प्रजापत, मुरलीधर बोचीवाल, हनुमान, माणकचंद, नन्दलाल, प्रकाश, मदन बोचीवाल, दीपक पारीक, गोरीशंकर सारण, बालचंद पटवारी, हिम्मतसिंह, राकेश रोडा, दिनेश रोडा, संजय झींगा, सहित अनेक श्याम भक्तों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

## एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया अवलोकन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने नाकरासर ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर का अवलोकन किया और शिविर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बने। किसानों को कृषक कल्याण योजनाओं का भरपूर लाभ मिले। शिविरों में किसानों को फैसिलिटेट करते हुए विभागीय योजनाओं के बारे में जागरूक करें। उन्होंने संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को शिविर व्यवस्थाओं के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार अशोक गोरा, भू-अभिलेख निरीक्षक रामनिवास, पटवारी नरेन्द्र सहारण, देवेन्द्र सिंह, धर्मपाल महर्षि, महेश रैगर एवं अन्य विभागों से नरेश, कृष्ण कुमार, रमेशचंद्र, कैलाश चंद्र शर्मा व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रसद विभाग की टीम ने जांच कर जप्त किए 71 गैस सिलेण्डर



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को डीएसओ महिपाल सिंह राठौड़ व टीम ने लिखमारामजी इण्डेन ग्रामीण वितरक गैंस, घांघू की ओर से चूरू कलेक्ट्रेट सर्किल पर स्थित नोलिराम एंड सन्स पेट्रोल पम्प के पास अवैध गोदाम का निरीक्षण कर 71 (14.2) घरेलू गैस सिलेण्डर जप्त किए। डीएसओ महिपाल सिंह ने बताया कि जप्त किए गए सिलेण्डरों में से 35 खाली सिलेण्डर व 36 भरे हुए सिलेण्डर जप्त किए गए। उन्होंने बताया कि गैस एजेन्सी की ओर से जारी किए गए उज्ज्वला गैंस कनेक्शनों के दस्तावेजो की जांच कर उपभोक्ताओं से उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने के एवज में ली गई राशि की पूछताछ की गई। पूछताछ में यह सामने आया कि उपभोक्ताओं के पास पूर्व से सामान्य श्रेणी के गैस कनेक्शन जारी थे, जिन्हें बन्द करवाकर कूटरचित दस्तावेजों से उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी किए गए व निःशुल्क जारी होने वाले गैस कनेक्शनों में भी उपभोक्ताओं से राशि वसूल किया जाना पाया गया। विभाग की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान प्रवर्तन निरीक्षक सम्पत कुमार, सीमा जूनवाल भी मौजूद रहे।

## गौशालाओं में अतिरिक्त तीन माह की सहायता के लिए ऑनलाइन आवेदन 7 मार्च से

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** निधि नियम-2016 अन्तर्गत गौशालाओं में संधारित गौवंश को वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण की 4 माह की सहायता के पश्चात् अंधे एवं अपाहिज गौवंश को अतिरिक्त 03 माह अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर 2024 की देय सहायता के लिए ऑनलाईन आवेदन 07 मार्च, 2025 से 17 मार्च, 2025 तक गोपालन वेब पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड किये जाने है। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ मदन लाल गहनोलिया ने बताया कि 17 मार्च, 2025 सहायता आवेदन की अन्तिम दिनांक है। इसके पश्चात् गौशालाओं के ऑनलाईन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे तथा ऑफलाईन आवेदन से सहायता नहीं दी जाएगी। उन्होंने सभी गौशाला संचालकों से अपील की है कि 17 मार्च, 2025 तक अपनी एसएसओ आईडी से गोपालन के वेब पोर्टल पर अंधे व अपाहिज गौवंश के लिए अतिरिक्त 3 माह की सहायता के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें।

## उप राष्ट्रपति जगदीप आएंगे आज सांगासी



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** देश के उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड व उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनकड़ बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर जिले के सांगासी गांव आएंगे। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने बताया कि उप राष्ट्रपति धनकड़ 5 मार्च को दोपहर 2 बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पहुचेंगे। यहां से वे ग्राम सांगासी के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2.35 से 3.25 तक उप राष्ट्रपति धनकड़ महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। शाम 4 बजे सांगासी से रवाना होकर 4.20 बजे झुंझुनू हवाई पट्टी पहुंच कर जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# मंगल को बड़ा 'अमंगल': तीन वाहनों की भिड़ंत में 2 की मौत, 9 घायल




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** शहर में मंगलवार को बड़ा अमंगल हुआ और हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई जबकि 9 लोग घायल हो गए। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बाइक के टक्कर मारने के बाद पलटी खाते हुए कार से भिड़ गई। हादसे में सरकारी बाबू समेत दो की मौत हो गई और 9 घायल हो गए। हादसा एनएच-52 पर ऊंटवालियां चौराहे के पास मंगलवार सुबह 11 बजे हुआ। सदर थाने के हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने बताया कि हादसे में बिसाऊ निवासी बरकत (35) और सीकर के रामनगर निवासी महिला रेशम कंवर (75) की मौत हो गई। वहीं चंडीगढ़ निवासी इनी (21), नेहाष (20), आयुष (25), रिदम (20), खुशी (19), अभिषेक (22) और अरुण (20) और सीकर निवासी समंदर सिंह (78) और अमृत (14) घायल हो गए। हेड कॉन्स्टेबल मनोज कुमार ने बताया कि चंडीगढ़ निवासी स्कॉर्पियो सवार सालासर बालाजी के दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे। कार में सवार तीन लोग सीकर से धार्मिक स्थल जा रहे थे। ऊंटवालियां चौराहे के पास सामने से आई स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बरकत की मौत हो गई। बरकत घंटेल गांव के सरकारी स्कूल में यूडीसी था। वहीं स्कॉर्पियो पलटी खाते हुए सड़क किनारे खड़ी कार से जा टकराई। हादसा इतना जबरदस्त था कि तीनों ही गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तीनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में सभी घायलों को डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने घायलों का इलाज किया। मृतकों के शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

## बीकानेर में राजसखी बीकाणा मेला' आज से

### विधायक और जिला कलेक्टर करेंगी उद्घाटन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व राजीविका स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों के विक्रय के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध के उद्देश्य से 5 से 11 मार्च तक जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट परिसर में 'राजसखी बीकाणा मेला 2025' का आयोजन किया जाएगा। बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सिद्धि कुमारी व जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि बुधवार दोपहर 3 बजे इसका उद्घाटन करेंगी। जिला परियोजना प्रबन्धक राजीविका दिनेश चन्द्र मिश्रा ने बताया कि उक्त मेले में राज्य भर से 60 महिला स्वयं सहायता समूहो की ओर से विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों की स्टॉल्स लगाई जाएगी। प्रतिदिन सांय सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा और महिला सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन, जैविक खेती, व्यावसायिक संवर्द्धन कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

## आंतरिक समिति की बैठक आयोजित

**बीकानेर(निस)।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध व प्रतितोष अधिनियम 2013 के तहत गठित आंतरिक समिति की बैठक मंगलवार को नारी निकेतन में आयोजित हुई। सहायक निदेशक व अधीक्षक शारदा चौधरी ने बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। किरण सिंह तंवर ने अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया। बैठक के दौरान बालिका गृह व बाल अधिकारिता विभाग के अधीक्षक मुरारी लाल मीणा, परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी सुशीला देवी, छात्रावास अधीक्षक नीलम आदि उपस्थित रहे।

# पंचायत समिति ने 72 विकास कार्यों को दी मंजूरी



### स्कूलों में कक्षा-कक्ष और खरंजा निर्माण पर होंगे 5.96 करोड़ खर्च

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के पंचायत समिति ने विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ 96 लाख 19 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य वित्त आयोग षष्ठम, पंद्रहवें वित्त आयोग और निजी आय से प्राप्त हुई है। विकास अधिकारी महेंद्र सोलकी के अनुसार सभी कार्य 6 महीने में पूरे किए जाएंगे। प्रधान निर्मला राजपुरोहित और मधुसुदनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि इस राशि से क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कई विकास कार्य होंगे। स्वीकृत कार्यों में सरकारी स्कूलों में 13 कक्षा-कक्षों का निर्माण 107.92 करोड़ से किया जाएगा। 20 खरंजा निर्माण कार्यों पर 183.50 करोड़ खर्च होंगे। इसके अलावा 4 विश्राम गृहों पर 27.23 लाख रुपए और 11 नाला निर्माण पर 76.04 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। अन्य प्रमुख कार्यों में 4 सरकारी स्कूलों में टीन शेड निर्माण (39.27 लाख), 3 चारदीवारी निर्माण (17.03 लाख), 2 पार्क निर्माण (11.61 लाख), 7 थ्री फेज ट्यूबवेल (69.84 लाख) और 3 आदर्श अमृत सरोवर (52.22 लाख) शामिल हैं। पंचायत समिति में निर्माण कार्यों पर 9.54 लाख, पानी की पाइपलाइन पर 1.24 लाख और मरम्मत कार्यों पर 75 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। मधुसुदनसिंह राजपुरोहित के अनुसार इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। सभी स्वीकृत कार्यों को शुरू करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

## 10 किलो अवधिपार घी नष्ट करवाया, खाद्य सामग्री के 8 नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजें

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर/चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार ' शुद्ध आहार - मिलावट पर वार' अभियान के तहत चिकित्सा विभाग की टीम ने कार्रवाई कर मंगलवार को सरदारशहर में 10 किलो अवधि पार घी नष्ट करवाया व खाद्य सामग्री के 08 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदन बाजिया की टीम की ओर से सरदारशहर में भोमिया मावा भंडार से मावा का व राजलक्ष्मी मिष्ठान से घी का नमूना और 10 किलो अवधिपार घी नष्ट करवाया गया। इसी के साथ सरदारशहर में श्याम स्वीट्स से कलाकंद , सुनील वैरायटी स्टोर से सूजी, लादूराम पवन कुमार से घी, श्याम मसाला उद्योग से धनिया पाउडर, बीकानेर मिष्ठान भंडार से मावा पेड़ा, संजय कुमार तनमय कुमार से सरसों तेल का नमूना लेकर प्रयोगशाला जयपुर भिजवाए गए हैं। इस अवसर पर दूध व दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ व मिठाईयां तैयार करने वाले दुकानदारों को साफ सफाई रखने व गुणवतायुक्त खाद्य समग्री को काम में लेने के लिए पाबंद किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य पदार्थ की जांच रिपोर्ट में अमानक पाए जाने पर संबंधित



विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पराक्रम राठौड़ के जन्मदिन पर झुगी झोपड़ी के बच्चों के बीच काटा केक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन आफ इण्डिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ के 44वें जन्म दिन पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने आपणी पाठशाला में पढ़ने वाले झुंगी झोपड़ी व कच्ची बस्ती में रहने वाले बच्चो के बीच केक काटकर व मिठाई खिलाकर मनाया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला, जिला उप प्रमुख महेन्द्र न्यौल, एडवोकेट हेमसिंह शेखावत, चेतराम सहारण, जिला मंत्री सूर्यप्रकाश ढाका उपस्थित रहे। इस दौरान प्रदेश मंत्री डॉ वासुदेव चावला व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने आपणी पाठशाला के बच्चो को भोजन के निमित 11000 रू. सहयोग राशि देकर युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ के स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि पराक्रम सिंह राठौड़ युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और कार्यकर्ताओ के लिए हरदम उपलब्ध रहने वाले युवा नेता है। उनके नेतृत्व में युवा कार्यकर्ता अपने आप को सहज महसूस करते है। वे युवाओं के रोल मॉडल के रूप में जाने जाते है और प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ उनका जुड़ाव देखते ही बनता है। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि सेवा से बढकर कोई धर्म नही होता। युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ के जन्म दिन पर हम सब कार्यकर्ता इन गरीब बच्चो के बीच आकर उनके स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना करते है। जिला मंत्री सूर्यप्रकाश ढाका ने बताया कि इस अवसर पर सुरेश सारस्वत, मनोज राहड़, हवासिंह राठौड़, मैनपाल, सुनील पूनियां, नरेन्द्र राहड़, लीलाधर कस्वां, सुभाष खिचड़, नरेन्द्र सिंह चौहान सहित आपणी पाठशाला के बच्चे व स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने युवा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ के स्वस्थ व दीर्घ जीवन की कामना की।

## मुख्यमंत्री भजनलाल का संकल्पः अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को मिले पर्याप्त पेयजल

### बजट में बीकानेर को मिली अनेक सौगातें, पेयजल सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संकल्प है कि प्रदेश के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को पर्याप्त पेयजल और किसान को सिंचाई पानी मिले। इसके मद्देनजर पिछले सवा साल से जल तंत्र सुदृढ़ीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। पेयजल स्त्रोतों को सुदृढ़ करने के साथ नहरी तंत्र की मजबूती के लिए भी कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में राज्य के वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में बीकानेर जिले को अनेक सौगातें मिली हैं, जिनसे आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। राज्य के बजट में बीकानेर के लिए अनेक घोषणाएं हुई हैं। इनमें गजनेर लिफ्ट परियोजना व कोलायत लिफ्ट परियोजना के अंतिम छोर के गांवों में पेयजल सुदृढ़ीकरण का कार्य 58 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से करवाया जाएगा। लूणकरणसर क्षेत्र के सात गांवों को नहरी पेयजल से लाभान्वित करने का कार्य 23 करोड़ रुपए की लागत से किए जाएंगे। कोलायत कस्बे व आसपास के गांवों में पेयजल के सुदृढ़ीकरण के कार्यों पर 11 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत आएगी। खाजूवाला के महादेववाली व लूणकरणसर के हापासर व हंसेरा में पाइपलाइन व उच्च जलाशय निर्माण कार्य पर 6 करोड़ 33 लाख रुपए और बीकानेर शहर में करमीसर व गेमना पीर रोड, सुजानदेसर में पानी की टंकी व पाइप लाइन संबंधित कार्य 5 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जाएंगे। इसी क्रम में बीकानेर सहित 23 शहरों में जल आपूर्ति के कार्य 1 हजार 650 करोड़ की लागत से करवाए जाएंगे। शहरी जल योजना श्रीडूंगरगढ़ के सुदृढ़ीकरण कार्यों पर 80 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। ग्रामीण योजना लूणकरणसर को शहरी जल योजना में क्रमोन्नत करने का कार्य 40 करोड़ 64 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नापासर में 27 करोड़ रुपए व देशनोक में 9 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य किए जाएंगे। पूगल में अधिशाषी अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) कार्यालय की स्थापना की जाएगी।इस प्रकार बजट घोषणाओं के कार्यों का क्रियान्वयन होने से अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति को राहत मिलेगी। राज्य सरकार की ओर से इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। जिला स्तर पर भी जिला कलेक्टर की ओर से इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

## बालिकाओं को आत्मरक्षा के बचाव के लिए दिया प्रशिक्षण, गुड टच-बैड टच जागरूकता कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता के संयुक्त तत्वधानों में मंगलवार को राजकीय गंगा बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण व गुड टच बैड टच जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिला अधिकारिता उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना ने बताया कि बच्चों को आत्मरक्षा की आवश्यकता समझाने के साथ आत्मरक्षा प्रशिक्षक प्रीतम सैन की ओर से मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग दी गई। उन्होंने बताया कि आज के दौर में छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण की ट्रेनिंग देना अति आवश्यक है। विद्यालय प्रधानाचार्य ज्योति स्वामी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों को किसी भी विपरीत परिस्थिति से मुकाबले के लिए सुदृढ़ 3करना है। उन्होंने एनीमिया और कुपोषण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आत्मरक्षा से जुड़े टिप्स दिए। मार्शल आर्ट ट्रेनर प्रियदर्शनी शेखावत, डिंपल रामावत व संयोगिता शेखावत ने मार्शल आर्ट ट्रिक्स का प्रदर्शन करते हुए बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया गया। जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र (डीएचईडब्ल्यू) के जैंडर स्पेशलिस्ट पवन और कार्तिक बोहरा की ओर से हब की योजनाओं, सखी केंद्र और महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की जानकारी दी गई। महिला अधिकारिता सुपरवाइजर मंजू बिश्नोई ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सुपरवाइजर रश्मि कल्ला ने किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।